कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची | 27 अक्टूबर, 2025, सोमवार, वर्ष 11, अंक 09, कार्तिक, शुक्ल पक्ष, षष्ठी, संवत 2082, पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

सूर्यास्त सोमवार शाम 5:16 बजे
सूर्योदय मंगलवार सुबह 5:45 बजे

## चाइबासा सदर अस्पताल में पांच बच्चों को एचआइवी संक्रमित खून चढ़ा दिया गया था

# सीएम ने सिविल सर्जन और ब्लड बैंक प्रभारी को किया निलंबित

- दो-दो लाख की मदद का एलान, पीड़ित बच्चों का इलाज सरकार करायेगी
- राज्य के सभी ब्लड बैंक की ऑडिट कर पांच दिन में रिपोर्ट देने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने चाइबासा सदर अस्पताल में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को एचआइवी संक्रमित खून चढ़ाने के मामले में कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने रविवार को सिविल सर्जन डॉ सुशांत कुमार मांझी और ब्लड बैंक के प्रभारी डॉ दिनेश चंद्र सवैया को निलंबित करने का आदेश दिया। देर शाम विभाग ने इन दोनों के निलंबन की अधिसूचना जारी कर दी। सीएम ने पीड़ित बच्चों का इलाज राज्य सरकार अपने खर्च पर करवाने और परिजनों को दो-दो लाख रुपये की सहायता राशि राज्य सरकार की ओर से देने की घोषणा की। उन्होंने राज्य के सभी ब्लड बैंक की ऑडिट कर पांच दिन में रिपोर्ट देने का आदेश स्वास्थ्य विभाग को दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

**हाइकोर्ट ने रिपोर्ट मांगी :** इधर झारखंड हाइकोर्ट ने इस मामले में राज्य के स्वास्थ्य सचिव और सिविल सर्जन से रिपोर्ट मांगी है। दरअसल, 13 सितंबर को यहां थैलेसीमिया पीड़ित सात साल के बच्चे को एचआइवी संक्रमित खून चढ़ा दिया गया। 18 अक्टूबर को उसकी जांच की गयी, तो वह एचआइवी पॉजिटिव मिला। मामला सामने आया, तो हाइकोर्ट ने जांच के आदेश दिये। फिर शनिवार को रांची से सरकार की टीम चाइबासा सदर अस्पताल पहुंची और मामले की जांच की। इसमें सामने आया कि चार और बच्चों को संक्रमित खून चढ़ाया गया था और उनकी भी एचआइवी रिपोर्ट पॉजिटिव आयी है। इनमें से दो बच्चे अभी भी सदर अस्पताल के पीकू वार्ड में भर्ती हैं।

**ब्लड बैंक और लैबोरेटरी में अनियमितताएं :** निरीक्षण के दौरान मेडिकल टीम ने ब्लड बैंक और लैबोरेटरी में कई गंभीर अनियमितताएं मिलीं। रिकॉर्ड रखरखाव से लेकर ब्लड स्क्रीनिंग तक की प्रक्रिया में गड़बड़ियां सामने आयी हैं।

**पश्चिम सिंहभूम जिले में 515 एचआइवी पॉजिटिव मामले और 56 थैलेसीमिया मरीज :** आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार पश्चिम सिंहभूम जिले में 515 एचआइवी पॉजिटिव मामले और 56 थैलेसीमिया मरीज हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों को संबंधित ब्लड ट्रांसफ्यूजन से जुड़े सभी डोनरों का पता लगाने के निर्देश दिये हैं, ताकि संक्रमण को और फैलने से रोका जा सके।

### स्वास्थ्य मंत्री ने जांच समिति गठित की



स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा है कि यह मामला अत्यंत गंभीर है। दो दिन पूर्व घटना की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने तत्काल उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिये थे। जांच के दौरान एक बच्चे में एचआइवी संक्रमण की प्राथमिक पुष्टि हुई है। जांच के लिए एक उच्चस्तरीय जांच समिति गठित की गयी है, जिसे एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्वयं इस पर संज्ञान लेते हुए सख्त और त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिये हैं।

### यह वाकया लापरवाही नहीं, स्वास्थ्य तंत्र की विफलता को उजागर करता है: बाबूलाल



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने चाइबासा सदर अस्पताल में बच्चों को एचआइवी संक्रमित खून चढ़ाये जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इसे लापरवाही नहीं, बल्कि राज्य संपोषित हत्या का प्रयास बताया है। बाबूलाल ने कहा कि चाइबासा सदर अस्पताल में थैलेसीमिया से पीड़ित पांच मासूम बच्चों को संक्रमित खून चढ़ाया गया और अब सभी बच्चे एचआइवी संक्रमित पाये गये हैं। अगर इन बच्चों की भविष्य में मृत्य हो जाती है, तो यह सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि राज्य प्रायोजित हत्या कहलायेगी। बाबूलाल ने कहा कि मुख्यमंत्री जी, यह सवाल सिर्फ डॉक्टरों या तकनीशियनों पर नहीं है, बल्कि यह पूरे स्वास्थ्य तंत्र की विफलता को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों को निलंबित करना पर्याप्त नहीं। झारखंड को उसके सबसे अयोग्य और निष्क्रिय स्वास्थ्य मंत्री से मुक्त कीजिये और एक जिम्मेदार, संवेदनशील स्वास्थ मंत्री दीजिये।

# छठ महापर्व का दूसरा दिन: खरना संपन्न, पहला अर्घ्य आज

- हर तरफ गूंज रहे हैं छठ के गीत
- घाटों और रास्तों की सजावट पूरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** आस्था के चार दिवसीय महापर्व छठ के दूसरे दिन रविवार को व्रतियों ने खरना का महाप्रसाद ग्रहण कर 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू किया। छठ महापर्व के मधुर गीत चारों तरफ गूंजने लगे हैं। सामाजिक एकता और सद्भाव के इस पर्व का पहला अर्घ्य सोमवार को डूबते सूर्य को अर्पित किया जायेगा। इसके लिए छठ घाट और वहां तक जानेवाले रास्तों की साफ-सफाई और सजावत का काम पूरा हो गया है।

खरना का विशेष महत्व


छठ व्रत में खरना का विशेष धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व है। नहाय-खाय के बाद यह दूसरा दिन व्रतियों के लिए अत्यंत कठिन तपस्या का प्रतीक होता है, क्योंकि इस दिन व्रती निर्जला उपवास रखते हैं और सूर्यास्त के बाद पूजा-अर्चना कर प्रसाद ग्रहण करते हैं। रविवार को सुबह से ही व्रती पूजा की तैयारी में जुटे रहे। शाम के समय सूर्यास्त के बाद विधि-विधान से खरना पूजा की गयी। व्रतियों द्वारा गुड़, दूध और चावल से बनी खीर, गेहूं की रोटी और केले का प्रसाद बनाया गया। यह प्रसाद मिट्टी या कांसे के बर्तनों में रख कर सूर्य देव और छठी मइया को अर्पित किया गया। पूजा के उपरांत व्रतियों ने प्रसाद ग्रहण कर उपवास तोड़ा और फिर यही प्रसाद परिवारजनों तथा आस-पड़ोस के लोगों के बीच वितरित किया गया।

### आज सूर्यास्त शाम 5.16 बजे

छठ महापर्व के तीसरे दिन व्रती डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे। सोमवार को रांची में सूर्यास्त शाम 5.16 बजे होगा। विशेष मन्नत के व्रती घाट पर कोसी भरेंगे। चौथे दिन मंगलवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ यह महापर्व संपन्न होगा। यह पर्व न केवल सूर्य उपासना का प्रतीक है, बल्कि शुद्धता, संयम और सामाजिक एकता का भी संदेश देता है। इस महापर्व को लेकर वातावरण पूरी तरह छठमय हो उठा है। घरों और घाटों पर छठ गीतों की मधुर गूंज सुनाई दे रही है। घाटों और वहां तक जानेवाले रास्तों पर सफाई और सजावट का कार्य भी पूरा हो गया है।

**छठ महापर्व की खासियत :** छठ महापर्व की कुछ ऐसी खासियत है, जो इसे दूसरे व्रतों से अलग करते हैं। इनमें पहली विशेषता यह है कि सनातन धर्म का यह पहला पर्व है, जिसमें पंडितों की कोई भूमिका नहीं होती है। यह व्रत एकमात्र साक्षात देवता, यानी सूर्य देव और व्रती के बीच सीधा रिश्ता कायम करता है। दूसरी विशेषता यह है कि इसमें अर्पित की जानेवाली हर सामग्री प्राकृतिक होती है या फिर घर में तैयार की जाती है। एक अन्य विशेषता इसका अनुशासन, स्वच्छता और सामूहिकता है। व्रती पूरे परिवार और समाज के कल्याण की कामना करते हुए सूर्य देव और छठी मइया की आराधना करती हैं।

**मन की बात: पीएम मोदी ने बताया छठ का महत्व :** नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' के 127वें एपिसोड में देशवासियों को संबोधित किया। इस बार उन्होंने छठ महापर्व को लेकर संदेश दिया है। पीएम मोदी ने देश भर के लोगों से छठ उत्सव में भाग लेने की अपील की। पीएम मोदी ने चर्चा की शुरुआत छठ महापर्व से की। उन्होंने देशवासियों को छठ महापर्व का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि अगर मौका मिले, तो सभी लोग छठ उत्सव में एक बार जरूर भाग लें। छठ महापर्व भारत की एकता का सबसे बड़ा और सुंदर उदाहरण है।




### शुभकामनाएं


आजाद सिपाही के पाठकों, विज्ञापनदाताओं, हॉकर बंधुओं, एजेंटों, शुभचिंतको, समेत तमाम झारखंड वासियों को छठ महापर्व की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।

- प्रबंधक

### अवकाश की सूचना

छठ महापर्व के शुभ अवसर पर आजाद सिपाही कार्यालय में 27 अक्टूबर 2025 (सोमवार) को अवकाश रहेगा। अतः समाचार पत्र का अगला अंक 29 अक्टूबर 2025 (बुधवार) को प्रकाशित होगा।

- प्रबंधक











# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जलेश्वरी देवी के कुटुंब भोज में शामिल होकर दी श्रद्धांजलि


आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन ने राज्य समन्वय समिति के सदस्य सह झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय के आवास पहुंचकर उनकी माता जलेश्वरी देवी के ब्राह्मण भोज सह कुटुंब भोज में शामिल हुए और स्मृति शेष जलेशेवरी देवी को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी विधायक पत्नी कल्पना सोरेन रविवार को विनोद कुमार पांडेय के रांची स्थित हरमू हाउसिंग कॉलोनी के आवास पर पहुंचे और उन्होंने उनकी दिवंगत माता जलेश्वरी देवी के ब्राह्मण भोज में शामिल हुए। मुख्यमंत्री और कल्पना सोरेन ने जलेश्वरी देवी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन ने विनोद कुमार पांडेय और उनके परिजनों से मुलाकात की और उनके प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा परिजनों को इस दुख की घड़ी में धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की।



## एक बार फिर 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम का पांचवां चरण 18 नवंबर से होगा शुरू

रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एक बार फिर 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम का पांचवां चरण 18 नवंबर से शुरू करने जा रहे हैं। यह कार्यक्रम 18 से 28 नवंबर तक चलेगा, जिसमें पंचायत स्तर पर विशेष कैंप लगाये जायेंगे। इस कार्यक्रम के तहत राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने की कोशिश की जायेगी। इन शिविरों के माध्यम से सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जायेगी। सरकार का प्रयास है कि राज्य के सभी जिलों की प्रत्येक पंचायत में कम-से-कम एक शिविर का आयोजन हो।



## सरकार बनी तो वक्फ कानून को कूड़ेदान में फेंक देंगे : तेजस्वी

आजाद सिपाही संवाददाता



**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के बीच विपक्षी महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार और राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने रविवार को कटिहार में वक्फ कानून को लेकर बड़ा बयान दिया है। चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अगर राज्य में महागठबंधन की सरकार बनी, तो केंद्र सरकार द्वारा पारित वक्फ (संशोधन) अधिनियम को कूड़ेदान में फेंक दिया जाएगा। तेजस्वी यादव ने कहा कि मेरे पिता लालू प्रसाद यादव ने कभी भी सांप्रदायिक ताकतों से समझौता नहीं किया। लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हमेशा ऐसी ताकतों के साथ खड़े रहे हैं। आज आरएसएस और उसके सहयोगी बिहार में भी नफरत फैला रहे हैं। भाजपा का असली नाम ह्यभारत जलाओ पार्टीह्न होना चाहिए। इससे पहले शनिवार को राजद एमएलसी मोहम्मद कारी सोहैब ने कहा था कि अगर तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री बने तो सभी बिल, जिसमें वक्फ बिल भी शामिल है, फाड़ दिए जाएंगे। इस बयान के बाद सियासी घमासान मच गया था। विपक्षी दलों ने सवाल उठाया कि कोई मुख्यमंत्री केंद्र के कानून को कैसे रद्द कर सकता है। गौरतलब है कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम अप्रैल में संसद से पारित हुआ था। केंद्र की भाजपा नेतृत्व वाली एनडीए सरकार का दावा है कि यह कानून मुस्लिम समुदाय, खासकर पिछड़े वर्गों और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए पारदर्शिता लाने वाला है। लेकिन विपक्ष का कहना है कि यह अधिनियम मुस्लिमों के अधिकारों का उल्लंघन करता है।

## धनबाद में खदान हादसा: ओबी की चट्टान गिरने से एक की मौत, दो घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जिला के पुटकी में गोपालीचक में संचालित, सिंह नेचुरल आउटसोर्सिंग कंपनी के ओपन कास्ट माइंस में हादसा हुआ है। इसमें एक की जान चली गयी वहीं दो लोग घायल हुए हैं।

दरअसल, ओबी स्लाइडिंग के बाद एक बड़ी चट्टान माइंस के नीचे आ गिरी, इस दौरान माइंस में टैंकर से डीजल आपूर्ति कर रहे एक कर्मचारी की मौत हो गई जबकि दो कर्मचारी घायल है, जिसका इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है। मारे गये कर्मचारी का नाम दीपक पंडित है। दीपक पंडित के केंदुआडीह थाना क्षेत्र के राजपूत बस्ती के रहने वाले शिबू पंडित का बेटा था जबकि घायलों के नाम गणेश महतो और किशोर महतो है और दोनों ही तोपचांची के रहने वाले हैं।

**कर्मी पर गिरी बड़ी चट्टान :** स्थानीय नेता भोला सिंह ने बताया कि माइंस के अंदर डीजल टैंकर लेकर गए थे। डीजल टैंकर में दीपक पंडित, गणेश महतो और अजय महतो सवार थे। ओपन कास्ट माइंस में दीपक डीजल टैंकर से नीचे था जबकि अजय महतो और गणेश महतो डीजल टैंकर में सवार थे। इस दौरान ओपी स्लाइडिंग हुई और एक बड़ी चट्टान उनके ऊपर आ गिरी जिससे दीपक पंडित की मौत मौके पर ही हो गई जबकि डीजल टैंकर में सवार गणेश महतो और अजय महतो घायल हो गये।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

| वेदर | | |
|---|---|---|
| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| रांची | 29.8 °c | 21.8 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 17.15 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.51 बजे | |





## छठ घाटों में तैयारी पूरी, संध्या अर्घ्य आज



केरेडारी (आजाद सिपाही)। सूर्योपासना के महापर्व छठ के दूसरे दिन रविवार को खरना पूजा का विधान भी सम्पन्न हुआ। छठ व्रतियों ने रविवार की देर शाम पुरे विधि विधान के साथ पूजा-अर्चना कर खरने का प्रसाद ग्रहण किया। अब आज सोमवार की शाम छठ व्रतियां ढ़ोल शहनाई की धुन के साथ दंडवत देते हुए दौरा लेकर अपने नजदीकी छठ घाट पहुंचेंगी जहां जल में खड़े होकर अस्तावल गामी भागवान सूर्य को अर्घ्य प्रदान करेंगी और सम्पूर्ण भक्ति भाव के साथ श्री सत्यनारायण की कथा भी श्रवण करेंगी। वहीं मंगलवार को उदियमान सूर्य को अर्घ्य देकर रवि सष्ठी व्रत की कथा श्रवन करेंगी तब जाकर व्रत का समापन होगा और व्रतियाँ पारण करेंगी। पर्व को लेकर प्रखंड के सभी सोलह पंचायतों के छठ घाटों में साफ सफाई व विद्युत सज्जया का कार्य पूरा कर लिया गया है और स्थानीय समितियों के द्वारा छठ घाटों को आकर्षक तरीके से सजाया गया है। रविवार को बाजारों में भारी भीड़ रही व फलों की दुकानों, पूजा सामान के दुकानों व फूलों की दुकानों में भी भारी भीड़ देखि गयी। वहीं सड़कों में भी छोटे बड़े वाहनों का परिचलन देखा गया व दिनभर जाम की स्थिति बनी रही। वहीं पर्व को लेकर प्रशासनिक महकमा भी पूरी तरह से सजग है और प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा विभिन्न छठ घाटों में तैयारियों का जायजा भी लिया गया है।

## बरियौन छठ घाट की करायी गयी साफ-सफाई



चलकुशा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के ग्राम बरियौन आस्था का महापर्व को लेकर छठ घाट की साफ-सफाई मुखिया प्रतिनिधि विक्रमादित्य सिंह, राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के चलकुशा प्रखंड अध्यक्ष विक्रम सिंह, शिक्षक प्रवीण सिंह, अरविंद सिंह ने मजदूर बुलवाकर करवाया। वहीं ग्रामीणों ने गांव की सड़कों की सफाई की।

## 35 वर्षों से बहुत कम दर पर छठ व्रतियों को दूध उपलब्ध करा रहे कन्हैया मिष्ठान प्रतिष्ठान के मालिक



कोडरमा (आजाद सिपाही)। छठ मैया की महिमा अपरंपार है। हर कोई अलग - अलग तरीके से भक्ति में डूबा है। कोई छठ महापर्व, तो कोई व्रतियों को सहयोग कर। कुछ ऐसा ही झुमरी तिलैया शहर स्थित प्रसिद्ध कन्हैया मिष्ठान प्रतिष्ठान के मालिक। प्रतिष्ठान मालिक पिछले 35 वर्षों से व्रतियों को महज 10 रु प्रति किग्रा दूध उपलब्ध करा रहे हैं। पहले नि:शुल्क दूध उपलब्ध कराया जाता था। लेकिन बाद में वर्ती और उनके परिजन की अपील पर प्रति किग्रा दस रु लेकर उपलब्ध कराया जाने लगा। छठ पर्व के दूसरे दिन खरना में रविवार को 200 वर्ती और उनके परिजनों को 400 किग्रा दूध मुहैया कराया गया। इसका वितरण सुबह 10 बजे से पूर्वाह्न 11.30 तक प्रति वर्ती दो किग्रा किया गया। इसकी शुरुआत प्रस्थान के देवी प्रसाद सेठ ने 1990 से की थी, जिसका निर्वहन उनके परिजन कर रहे हैं। प्रतिष्ठान मालिक विकास सेठ पूछे जाने पर बताते हैं कि छठ पर्व में व्रतियों के बीच दूध वितरण की शुरुआत चाचा देवी प्रसाद सेठ ने की थी। इसका अनुपालन आज भी हमलोग कर रहे हैं। व्रतियों को छठ में मुहैया कराने से आत्म संतुष्टि मिलती है और धार्मिक भावना से ओतप्रोत होते हैं। यह सिलसिला आगे भी भगवान सूर्य की कृपा जारी रखेंगे। उन्होंने बताया कि इतना बड़े पैमाने पर लोकल डेयरी से बाजार दर पर खरीदारी करते हैं और मामुली दर पर व्रतियों के बीच बांटते हैं।

## श्रद्धालुओं के बीच फलों का वितरण खरीदी मूल्य पर किया गया



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के दूसरे दिन खरना के शुभ अवसर पर हजारीबाग के हिन्दू उच्च विद्यालय परिसर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, भारतीय जनता पार्टी सहित कई सामाजिक संगठनों और कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धालुओं के बीच फलों का वितरण खरीदी मूल्य पर किया गया। इस अवसर पर हजारीबाग के विधायक प्रदीप प्रसाद उपस्थित हुए और स्वयं फल वितरण में सहभागिता निभायी। उन्होंने कार्यकर्ताओं और सेवकों के सेवा-भाव, समर्पण और अनुशासन की भावना की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्य समाज में आपसी सहयोग, श्रद्धा और लोक-आस्था की भावना को और सशक्त बनाते हैं। इस अवसर पर प्रदीप प्रसाद ने कहा कि, छठ महापर्व हमारे लोक जीवन की आत्मा है, जो सामाजिक एकता, स्वच्छता और अनुशासन का अद्भुत संदेश देता है। उन्होंने उपस्थित स्वयंसेवकों कार्यकर्ताओं और समिति के सभी सदस्यों के निस्वार्थ सेवा कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके प्रयास से श्रद्धालुओं को सहजता और सुविधा मिल रही है। अंत में विधायक प्रदीप प्रसाद ने समस्त क्षेत्रवासियों को छठ महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं और मंगलकामनाएं दीं।

## व्रतियों के बीच पूजा सामग्री का वितरण



मरकच्चो (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के पंचायत देवीपुर के ग्राम डोंगोडीह में छठ पूजा के अवसर पर रविवार को वेलफेयर संगठन समिति डोंगोडीह के द्वारा जरूरतमंद व्रतियों के बीच पूजा सामग्री का वितरण किया गया है। इस वितरण में साड़ी, सिंदूर, घी, नारियल, फल, अगरबत्ती, चीनी, आटा और अन्य आवश्यक सामग्री शामिल थे। वेलफेयर संगठन के अध्यक्ष अशोक साव और स्थानीय मुखिया बेदू साव ने संयुक्त रूप से कहा कि पूजा सामग्री का वितरण का उद्देश्य आर्थिक सहायता उन लोगों को मदद किया गया है जो आर्थिक तंगी के कारण पूजा सामग्री खरीदने में असमर्थ हैं। व्रतियों को उनकी पूजा पूरी करने में सहायता होगी ताकि वे बिना किसी कठिनाई के श्रद्धा से छठ पूजा कर सकें। इस मौके पर वेलफेयर संगठन के सचिव भीमशंकर साव, उप सचिव सुरेन्द्र साव, कोषाध्यक्ष शिशिर साव, समाजसेवी सह वेलफेयर संगठन के सक्रिय सदस्य उपेन्द्र साव, भूत पूर्व सैनिक शनिचर साव उर्फ फौजी भाई, छोटू साव, सुरेन्द्र साव, नीलकंठ साव, पूर्व सैनिक मुंशी साव, बालेश्वर साव, लखन महतो, कृषक मित्र हरिहर साव, विजय साव, राजकुमार साव, अरुण कुमार साव, कारू साव, रोहित साव, केदार यादव, ध्रुव कुमार साव समेत वेलफेर के सदस्य मौजूद थे।

# छठ महापर्व के दूसरे दिन व्रतियों ने खरना का महाप्रसाद किया ग्रहण

- प्रसाद पाने का सिलसिला देर रात चलता रहा
- अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को पहला अर्घ्य आज
- उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ पारण कल





आजाद सिपाही संवाददाता

कोडरमा। लोक आस्था का महापर्व छठ के दूसरे दिन रविवार को व्रतियों ने खरना का महाप्रसाद ग्रहण किया। इनमें विधायक डॉ नीरा यादव, आर्यन हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ प्रवीण कुमार की पत्नी ममता सिंह समेत हजारों वर्ती शामिल हैं। साथ ही श्रद्धालुओं का महाप्रसाद पाने का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। इसके बाद तीसरे दिन सोमवार शाम को डूबते सूर्य को विभिन्न जलाशयों में वर्ती और श्रद्धालु अर्घ्य अर्पित करेंगे। जबकि चौथे दिन मंगलवार को उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पण करने और पारण के साथ चार दिवसीय यह पर्व संपन्न हो जायेगा। इस पर्व को लेकर विविध तालाबों, आसपास के इलाकों में भव्य लाइटिंग की व्यवस्था की गयी है। जगह - जगह तोरण द्वार लगाये गये हैं।

**शहर में जाम की स्थिति बनी रही :** जाम हटाने पुलिस रही मुस्तैद रविवार को खरीदारी के लिए भारी भीड़ उमड़ती रही। इस वजह से शहर में जाम की स्थिति बनती रही। लेकिन पुलिस के जवान जाम को हटाने के लिए मुस्तैद रहे। ओवरब्रिज के आधे हिस्से में झंडा चौक की ओर पूजन सामग्री, ईख, सूप, दउरा से सजा रहा। सर्वाधिक गहमागहमी स्टेशन रोड, झंडा चौक, चौक से पूर्णिमा टॉकीज तक बनी रही।

**पर्व को लेकर छठ तालाब तैयार :** छठ महापर्व को लेकर तालाब अब पूरी तरह तैयार है। साफ - सफाई पूर्ण कर रंग - बिरंगे लाइटों से सजा दिया गया है। सुरक्षा की दृष्टिकोण से तालाबों में बैरिकेडिंग कर दिया गया है।

**विधायक डॉ नीरा ने भगवान भास्कर की पूजा कर ग्रहण किया खरना :** कोडरमा में लोक आस्था के महापर्व छठ के दूसरे दिन छठ व्रतियों ने पूरे विधि-विधान के साथ पूजा - अर्चना कर खरना ग्रहण किया। छठ महापर्व को लेकर विधायक डॉ नीरा यादव समेत हजारों व्रतियों ने रविवार की शाम भगवान भास्कर की पूजा-अर्चना कर खरना संपन्न किया। विधायक डॉ नीरा अपने आवास पर छठ पूजा का चार दिवसीय व्रत की हैं। खरना का पूजा कर उन्होंने छठी मइया से सबके लिए आशीर्वाद मांगा। विधायक और उनके पति विजय यादव समेत परिजनों ने भगवान भास्कर और छठी मैया की आराधना कर प्रसाद ग्रहण किया। भाजपा विधायक डॉ नीरा यादव द्वारा खुद प्रसाद भी बनाया जा रहा है। कोडरमा नगर के साथ ही पूरे जिले से लोग खरना का प्रसाद ग्रहण करने उनके आवास पर पहुंचे।

## खरीदारी को लेकर बाजार में रही गहमागहमी



झुमरीतिलैया बाजार में फलों और पूजन सामग्रियों की खरीदारी को लेकर भारी गहमागहमी रही। फल में सेव, केला, अनानस, अमरूद, शरीफा के अलावा नारियल, सूप, दउरा, ईख आदि खरीदारी के लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। कोडरमा जिले के विभिन्न इलाकों से लोग बाइक, कार से पहुंचे। इसके अलावा ट्रेन से भी लोग पहुंचकर खरीदारी के लिए तिलैया शहर पहुंचे।

## खीर का भोग लगा कर हुई खरना पूजा



मरकच्चो (आजाद सिपाही)। लोक आस्था का महापर्व के दूसरे दिन व्रतियों ने दिनभर निर्जला उपवास रख कर रविवार शाम में भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर खीर का भोग लगा कर खरना की। सोमवार को व्रती अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगी। छठ पूजा को लेकर घाटों की साफ-सफाई पूर्ण कर ली गयी है। छठ पूजा समितियों ने बताया कि व्रतियों की सुविधा के लिए छठ घाट पहुचने की पथ की साफ सफाई पूरी कर ली गयी है। छठ घाट को रंग-बिरंगे लाइटो से सजाने का कार्य प्रारंभ है। सोमवार की संध्या अर्घ्य 05.40 मिनट व मंगलवार प्रातः अर्घ्य 06.30 बजे अर्घ्य अर्पित करेंगे।

## तालाब में नहाने गयी दो बच्चियों की मौत

बड़कागांव / केरेडारी (आजाद सिपाही)। केरेडारी थाना क्षेत्र के बेला गांव में छठ के पूर्व संध्या पर तालाब में नहाने गयी दो बच्ची को डूबने से मौत हो गयी। बताया जाता है कि दोनों बच्ची तालाब में नहाने गयी थी और डूब गयी। इसकी सूचना जब परिजनों को मिली तो परिजन उसे निकालकर अनान फानन में केरेडारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये जहां डॉक्टर की अनुपस्थिति के कारण इलाज नहीं हो पायी। तत्काल दोनों बच्चियों को बड़कागांव समुदाय स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर डॉक्टर अविनाश कुमार ने उनकी मृत्यु होने की पुष्टि की। रूपा तिवारी 12 वर्ष पिता रवि तिवारी गुनगुन कुमारी 11 पिता अनिल तिवारी की मौत हो गयी। परिजनों का कहना है कि अगर केरेडारी अस्पताल में डॉक्टर होते तो आज दोनों बच्चियों बच सकती थी। अस्पताल के कुव्यवस्था के कारण आज हमारी बच्चियों इस दुनिया में नहीं रही। परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# अस्ताचलगामी सूर्य को आज दिया जायेगा अर्घ्य

- संतान की लंबी उम्र और परिवार की समृद्धि की होगी कामना



दीपक सिंह

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। नहाये-खाये और खरना के बाद आस्था का महापर्व छठ में आज संध्याकाल में डूबते सूरज को अर्घ्य दिया जायेगा। आज पहले भगवान सूर्य और छठी मैय्या की विधिवत पूजा होगी, फिर शाम के समय अस्त होते सूर्य को अर्घ्य दिया जायेगा। जिसे संध्या अर्घ्य भी कहा जाता है। ऐसा माना जाता है कि यह जीवन के उतार-चढ़ाव को समझने और जीवन में आने वाली कई परेशानियों से छुटकारा पाने का प्रतीक है। लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर पूरा हजारीबाग शहर आस्था और उत्साह के रंग में रंग गया है। श्रद्धा और सुरक्षा दोनों का संगम इस बार देखने को मिल रहा है। प्रशासन ने छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हाईटेक तैयारी की है। शहर के सभी घाटों को पूरी तरह स्वच्छ कर दिया गया है और सजावट का कार्य पूरा कर लिया गया है। झालरों और रंगीन लाइटों से सजे घाट दुल्हन की तरह जगमगा रहे हैं।

**झील, तालाब और घरों के छत पर दिया जायेगा अर्घ्य :** हजारीबाग शहर समेत पूरे जिले में छठ पर्व पूरे श्रद्धा और उल्लास से मनाया जा रहा है। शहर के ऐतिहासिक झील के अलावा दर्जनों तालाबों और नदियों में छठ पूजा की तैयारी है। इसके अलावा घरों की छत पर भी अर्घ्य दिया जायेगा। कई छठ व्रतियों ने अपने घरों के छत पर ही घाट बना अर्घ्य देने की तैयारी की है।

## जिले के 200 घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद

हजारीबाग जिले में छठ महापर्व को लेकर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद किये गये हैं। गोताखोरों और नाविक की टीमों को तैनात किया गया है, ताकि किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में तुरंत राहत दी जा सके। पुलिस, महिला पुलिस और होमगार्ड की तैनाती के साथ निगरानी के लिए कंट्रोल रूम में विशेष व्यवस्था की गयी है। प्रशासन श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा दोनों को लेकर पूरी तरह सतर्क है। शहर के हर घाट पर स्वच्छता की विशेष व्यवस्था की गयी है। सफाई कर्मियों की टीम लगातार घाटों को साफ-सुथरा बनाये रखने में जुटी हुई है। आज शाम होते ही शहर के सभी घाटों पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु उमड़ेंगे। भगवान भास्कर और छठी मइया की आराधना में पूरा हजारीबाग जय छठी मइया के जयकारों से गूंज उठेगा।

## पार्किंग व्यवस्था के लिए शहर में 10 स्थान चिन्हित

श्रद्धालुओं के वाहन सुगमता से पार्क हो सकें, इसके लिए शहर में 10 स्थानों पर आधुनिक पार्किंग की व्यवस्था की गयी है। इसलामिया स्कूल मैदान के सामने, पुराना समाहरणालय के पास, इंद्रपुरी टीवीएस शोरूम (रेड क्रॉस) के सामने, केशव हॉल (सदर अस्पताल गेट के पास), बुढ़वा महादेव मंदिर के सामने, जिला स्कूल मैदान के सामने, सीआरपीएफ आवास गेट के सामने, इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय मैदान, त्रिमूर्ति चौक के पास और डीवीसी से त्रिमूर्ति चौक के बीच पार्किंग स्थल बनाये गये हैं।

## इचाक के सूर्यमंदिर तालाब में आज उमड़ेगा आस्था का जनसैलाब

# छठ व्रती भगवान भास्कर को देंगे अर्घ्य



आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। हजारीबाग जिले में स्थित एक ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व का सूर्य मंदिर है, जिसका निर्माण 18वीं शताब्दी में राजा शंभूनाथ सिंह ने करवाया था। यह मंदिर जिला मुख्यालय से लगभग 15 किलोमीटर दूर इचाक प्रखंड के परासी में स्थित है। यह मंदिर अपनी वास्तुकला और छठ पूजा के लिए प्रसिद्ध है और इसके निकट एक तालाब है जिसे 'छठ तालाब' के नाम से जाना जाता है। ऐसी मान्यता है कि यहां पूजा करने से मनोकामनाएं पूरी होती हैं और चर्म रोग से भी मुक्ति मिलती है। जमीन से लगभग 40 फीट ऊंचे मंदिर के बगल में ही बड़ा तालाब है, जिसे सूर्य मंदिर तालाब के नाम से जाना जाता है। सूर्य मंदिर नाम से कई खेत व जमीन था जो आज छिन्न भिन्न हो रहा है। इस संबंध में सेवा निर्मित शिक्षक वन बिहारी नारायण सिंह बताते हैं कि मंदिर निर्माण के बाद सबसे पहला पुजारी देवधर सहाय पाठक हुआ करते थे। जिन्होंने इसी मंदिर में महापर्व छठ का व्रत रखा था। दोनों दंपत्ति छठ के दौरान गुफा के बगल वाले कमरे में सोए हुए थे, जहां बंद कमरा होने के कारण गैस भर गया था और दम घुटने से दोनों की मौत हो गयी थी। जिनके नाम से आम बगीचा के पास सती पिंडा भी बनाया गया था। जो वर्तमान में टूट गया है। जिसका नाम वो निशान आज देखने को नहीं मिलता। पुजारी की मौत के बाद उनके उत्तराधिकारी लोग पूजा करने लगे जो बाद में मंदिर को छोड़कर टाटीझरिया चले गये। तब से लेकर अब तक पुजारी के रूप में सुखदेव पांडे और उनके पुत्र सुबोध पांडेय पूजा करते चले आ रहे हैं। मंदिर निर्माण के बाद से ही प्रखंड वासी लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा इसी तालाब में भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर मंदिर में विधि विधान से पूजा करते आ रहे हैं। इस मंदिर की सबसे बड़ी विशेषता है कि सूर्य उपासक को तालाब से सीधे सूर्य मंदिर आने में कोई परेशानी नहीं झेलनी पड़ती है। लोगों का अवधारणा है कि मंदिर के पश्चिम दिशा की ओर एक गुफा नुमा आकृति है। इस गुफा का संबंध पद्मा किला से जुड़ा हुआ है। जहां रानी पद्मावती पद्मा किला के सिंह दरवाजा से लेकर सूर्य मंदिर इचाक के गुफा तक प्रातः सुबह आकर सूर्य की पूजा किया करती थी, और उसी गुफा के रास्ते से पुन: अपने पद्मा किला को चली जाती थी। लेकिन यह मान्यता व अवधारणा कितना सत्य सही है जिसका अनुमान लगा पाना मुश्किल है।

## पूर्व सैनिक के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर





बड़कागांव (आजाद सिपाही)। प्रखंड के गुरु चट्टी निवासी बीएसएफ से रिटायर 62 वर्षीय फौजी हुलास प्रसाद कुशवाहा का शनिवार रात 8:30 बजे अचानक मृत्यु हो गयी। जिसका खबर गांव में आग की तरह फैल गया। जिसके बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी। तत्पश्चात रविवार को सुबह बड़कागांव गुरुचट्टी शमशान घाट ले जाने के लिए शव यात्रा निकाला गया। शव यात्रा में लोग हुलास प्रसाद कुशवाहा अमर रहे, वंदे मातरम, जय हिंद सहित अन्य देशभक्ति नारे लगाकर और 2 मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि दिया गया। तत्पश्चात पूर्व फौजी हुलास प्रसाद कुशवाहा को पुत्र दिवाकर कुमार ने मुखाग्नी देकर पंचतत्व में विलीन किया गया। बताते चलें कि पूर्व सैनिक हुलास प्रसाद कुशवाहा ने देश के रक्षा के लिए लगभग 22 वर्षों तक बीएसएफ में अपना योगदान दिया। वे अपनी कहानियों में लोगों को बताया करते थे कि कश्मीर सहित अन्य जगह पर दुश्मनों के साथ कई बार लोहा लेने का काम किया था। साथ ही साथ कई बार भारत-पाकिस्तान के युद्ध में भी अपना बहुमूल्य योगदान देकर देश की रक्षा की है। शोक सभा में पहुंचे सभी लोगों ने एक स्वर में कहा कि पूर्व सैनिक हुलास प्रसाद कुशवाहा के देश के प्रति उनके योगदानों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। वहीं पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट के केंद्रीय अध्यक्ष अरविंद ओझा सहित अन्य सदस्यों ने भी शोक व्यक्त किया है। शव यात्रा में मुख्य रूप से पूर्व मुखिया (पत्नी) लीलावती देवी, बालेश्वर महतो, सुखदेव महतो, प्रभु दयाल महतो, जयनारायण महतो, संदीप कुशवाहा, पिंटू कुशवाहा, खुशहाल कुमार, रमेश प्रसाद कुशवाहा, चन्देव दांगी, गंगा कुमार दांगी, मनोज कुमार, रामधनी महतो, कीनू महतो, झमन प्रसाद, कैलाश महतो, बैजनाथ महतो, भानु प्रताप, प्रोफेसर सुरेंद्र कुशवाहा, यदु प्रसाद दांगी, संतोष कुमार, सुरेंद्र कुमार, पंकज कमल, प्रदीप कुमार, बुद्धिनाथ महतो, सुधांशु शेखर, दुर्गेश कुमार, गोलू कुमार, अर्णव प्रताप, गोपाल महतो, मेवा महतो, जयपाली महतो, अरविंद कुमार, विशेश्वर महतो, अरविंद महतो, सुदेश महतो, आयुष दांगी, पीयूष दांगी, कोपेक दांगी, गोपाल दांगी, गौतम दांगी, संतोष दांगी, अजय कुमार महतो, कामनाथ महतो, नवनीत कुमार सहित सैकड़ों के संख्या में लोग शामिल थे।

## जलौंध मासूम हत्याकांड में एक गिरफ्तार



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। इचाक थाना क्षेत्र के जलौंध गांव में साढ़े तीन वर्षीय मासूम अनुभव कुमार की दर्दनाक मौत मामले में न्याय की उम्मीद में परिजन भटक रहे हैं। इस हृदयविदारक घटना के 4 दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस की कार्रवाई अधूरी मानी जा रही है। मालूम हो कि बीते गुरुवार को जलौंध निवासी दीपक मेहता के पुत्र अनुभव कुमार का शव गांव में खड़ी एक कार के नीचे फंसा हुआ मिला था। कार जलौंध के ही अखिलेश कुमार मेहता की थी। पुलिस ने शुरूआती जांच में अखिलेश को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है, लेकिन बाकी आरोपियों पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गयी है, जिससे ग्रामीणों में गहरी नाराजगी है। परिजनों का आरोप है कि यह कोई साधारण हादसा नहीं बल्कि एक हत्या है। ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि अगर एक आरोपी को जेल भेजा जा चुका है, तो बाकी संलिप्त लोगों पर कार्रवाई में देरी क्यों की जा रही है। आज जलौंध गांव में सभी समाज की बैठक हुई जिसमें ग्रामीणों का कहना है कि इचाक थाना प्रशासन निष्पक्ष जांच करने के बजाय मामले को कमजोर करने में लगा हुआ है। पीड़ित परिवार और गांववाले प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि सभी आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी हो और मासूम अनुभव को न्याय मिले। इचाक थाना प्रभारी राजदीप कुमार ने कहा की एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है, बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयासरत है, जल्द उनकी भी गिरफ्तारी होगी। लगातार आरोपियों के खिलाफ छापामारी की जा रही है।

## ग्राम पुंदौल में सर्वजातीय समाज का गठन



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। ग्राम पुंदौल में सर्व जातीय समाज की बैठक आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता दिनेश्वर पासवान और संचालन अवधेश सिंह ने किया। गांव के समाज में हो रहे कुरीतियों को कैसे ठीक किया जाये और एकता कैसे बने रहें और विकास कैसे हो, इस पर विचार विमर्श किया गया। सभी लोगों ने बारी बारी से सभी बिंदुओं अपना मंतव्य दिया। इस बैठक को नियमित रूप से संचालन के लिए इस सभा का नामकरण किया गया जो स्वजातीय महासमिति, पुंदौल है। इसके साथ एक अध्यक्ष, सचिव, उपाध्यक्ष, उप सचिव, कोषाध्यक्ष, संरक्षक और सभी समाज के व्यक्तियों से सदस्य का चयन किया गया। जिसमें अध्यक्ष विनोद यादव, सचिव मोहम्मद नौशाद, कोषाध्यक्ष अवधेश सिंह, उपाध्यक्ष रोहित शर्मा, उप सचिव कोलेश्वर यादव, संरक्षक, मोहम्मद शमशेर अंसारी, दिनेश्वर पासवान, सुरेश चौधरी, रामचंद्र गंझू, महेंद्र यादव, प्रभु यादव को चयन किया गया। सदस्यों में सागर यादव, पिंटू यादव, आशीष यादव, मोहम्मद कलाम, मोहम्मद मुस्तकिम, मोहम्मद शमीम, पंचेश्वर साव, केदार साव, धीरजन रजवार, विकास पाण्डेय, राहुल पासवान, अमृत ठाकुर, संतोष प्रसाद, कन्हाई प्रजापति, बिनोद पासवान विक्की सिंह को बनाया गया। इस बैठक में सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रकाश रजक ने प्रदेश अध्यक्ष को सौंपी 10 हजार 215 लोगों के हस्ताक्षर अभियान की सूची



कोडरमा (आजाद सिपाही)। वोट चोर, गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान के तहत कोडरमा के कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रकाश रजक ने शनिवार को प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश को 10 हजार 215 लोगों के हस्ताक्षर की सूची सौंपी गयी। इस उपलब्धि पर प्रदेश नेतृत्व ने जिलाध्यक्ष रजक की सराहना की। उन्होंने कहा कि रजक संगठनात्मक मजबूती और जनसंपर्क से क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित किया है। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, बंधु तिर्की और कोडरमा जिला प्रभारी सह झारखंड गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन ने भी प्रकाश रजक की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज कोडरमा जिले में कांग्रेस का जनाधार तेजी से बढ़ रहा है और इसका श्रेय सक्रिय, जुझारू और संगठन के प्रति समर्पित जिलाध्यक्ष को जाता है। वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि प्रकाश रजक ने न केवल संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय करने में लगे हुए है, बल्कि युवाओं, किसानों और आमजनों को पार्टी के विचार से जोड़ने का काम भी बखूबी कर रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि कोडरमा में पार्टी का जड़ अब और मजबूत हो रहा है। जिलाध्यक्ष ने जिस लगन और निष्ठा से यह अभियान चलाया, वह पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणास्रोत है। इस दौरान प्रकाश रजक ने कहा कि कोडरमा में पार्टी का हर कार्यकर्ता जनता की आवाज को बुलंद करने के लिए संकल्पित है। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में जनसंपर्क और जनजागरण अभियान को पार्टी और व्यापक स्तर पर चलायेगी, ताकि कोडरमा सहित पूरे झारखंड में संगठन को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया जा सके। साथ में प्रदेश प्रवक्ता ईश्वर आनंद, रामेश्वर यादव, असगर अली मौजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 27 अक्टूबर, 2025
www.azadsipahi.in



# खरना के साथ शुरू हुआ व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास





आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** छठ पर्व के दूसरे दिन रविवार को व्रतियों ने खरना पूजा किया। इसके साथ ही व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू हो गया। जिले के सभी छठ घाट आकर्षक विद्युत सज्जा से सज गये हैं। घरों में पूजा की तैयारी जोरों पर है। महिलाएं व्रत रखकर सूर्य देव से अपने परिवार की भलाई की प्रार्थना करेंगी। खरना का यह दिन छठ के सबसे पवित्र और भावनात्मक दिनों में से एक है। निर्जला व्रत खरना को आत्मशुद्धि का दिन कहा जाता है। यह दिन संयम, तपस्या और भक्ति का प्रतीक है। चार दिनों तक चलने वाले इस पर्व में व्रती अपने परिवार की सुख-शांति और संतान की लंबी उम्र के लिए सूर्य देव और छठी माई की पूजा करती हैं। खरना के दिन व्रती पूरे दिन कुछ भी नहीं खाती-पीती हैं। शाम के समय सूर्य देव को अर्घ्य देकर पूजा करती हैं। इस दिन का उपवास बहुत कठिन माना जाता है, क्योंकि पूरे दिन बिना पानी पिये रहना होता है।

**सूर्य उपासना का सबसे प्राचीन पर्व है छठ :** छठ पूजा को सूर्य देव की उपासना का सबसे प्राचीन पर्व माना जाता है। माना जाता है कि सूर्य देव स्वास्थ्य, सुख और समृद्धि के दाता हैं। छठ माई यानी सूर्य की बहन की पूजा करने से परिवार में खुशहाली आती है।

## लोगों में बंटा खीर, रोटी और फल का प्रसाद

खरना करने के लिए व्रतियों ने रविवार की शाम स्नान के बाद प्रसाद बनाया। खरना के प्रसाद में गुड़ की खीर, रोटी और फल होते हैं। सूर्यास्त के बाद व्रती सबसे पहले खुद प्रसाद खाती हैं, उसके बाद परिवार और आस-पड़ोस के लोगों को प्रसाद देती हैं। इस दिन का प्रसाद बहुत पवित्र माना जाता है। कोई भी व्यक्ति तब तक प्रसाद नहीं खाता जब तक व्रती उसे न दे। खरना के बाद व्रती अगले 36 घंटे तक निर्जला व्रत रखती हैं। यानी बिना पानी पिए तीसरे दिन शाम तक उपवास करती हैं।

## सिमरिया लूटकांड का पर्दाफाश, चार गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा।** सिमरिया थाना क्षेत्र के देल्हो घाटी में 15 दिन पहले हुई सनसनीखेज लूटपाट की घटना का पुलिस ने सफलतापूर्वक उद्भेदन कर लिया है। अज्ञात अपराधियों ने पिस्तौल सटाकर दो बाइक पर सवार तीन व्यक्तियों से नकदी और मोबाइल लूट लिए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल के निर्देश पर सिमरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी टीम गठित की गयी। गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने चार अपराधियों—गौतम कुमार (आरातु, सिमरिया), पुरुषोत्तम कुमार उर्फ चाँद, अभिजीत कुमार और संजय कुमार (ईचाक कला, सिमरिया)—को गिरफ्तार किया। उनके पास से लूटे गये तीन में से दो मोबाइल (रेडमी और सैमसंग) और एक बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल बरामद भी कर लिया गया। लूट में इस्तेमाल पिस्तौल एक खिलौना था। गिरफ्तार अपराधियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस अन्य संलिप्त अपराधियों की तलाश में छापेमारी कर रही है।




## फलों की खुशबू से महका बाजार, पूजा सामग्री खरीदने के लिए उमड़ी भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** महापर्व छठ को लेकर रामगढ़ का बाजार सज गया है। फलों की खुशबू की महक लोगों को अपनी तरफ आकर्षित कर रही है। सड़कों के दोनों और पूजा सामग्री खरीदने के लिए छठ व्रतियों की भीड़ उमड़ पड़ी है। शहर के सुभाष चौक से लेकर फुटबॉल ग्राउंड तक फल का बाजार सज गया है। चट्टी बाजार, बाजार टांड़, लोहार टोला, शिवाजी रोड, थाना चौक, रांची रोड में भी फलों का बड़ा बाजार सजा हुआ है, केले की कांधी, सेब की पेटी के अलावा अन्य मौसमी फलों की खरीदारी लोग कर रहे हैं।

**रोशनी से जगमगाया छठ घाट :** महापर्व छठ को लेकर दामोदर नदी तट, बिजुलिया तालाब, जारा टोला के अलावा दामोदर नदी पर बने कई घाट की सजावट बेहद आकर्षक तरीके से की गयी है। रविवार की शाम से ही छठ घाट दूधिया रोशनी से जगमगा रहे हैं। इसके अलावा छठ घाट के लिए बने रास्तों पर भी सजावट की गयी है। रामगढ़ शहर के दामोदर नदी घाट पर पूजा समिति के द्वारा बेहद आकर्षक सजावट की गई है। यहां छठ पूजा पंडाल का उद्घाटन भी गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के द्वारा किया जाना है। बिजुलिया तालाब छठ घाट की सजावट भी बेहद आकर्षक तरीके से की गयी है। यहां डीसी और एसपी की मौजूदगी में छठ व्रती अस्ताचलगामी और उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देंगे। घाट पर व्रतियों को गहराई से रोकने के लिए बैरिकेडिंग भी की गयी है। इसके अलावा सुरक्षा को लेकर नाव के इंतजाम की किये गये हैं। सभी छठ घाटों पर ड्रोन कैमरे से जिला प्रशासन निगरानी करेगा। सुरक्षा को लेकर पुलिस की मौजूदगी भी रहेगी। सुबह से लेकर रात तक सुरक्षाकर्मी छठ घाटों पर मौजूद रहेंगे। यहां तक कि भीड़ भाड़ में कोई गुम ना हो जाए इसके लिए भी जिला प्रशासन के द्वारा लगातार अनाउंसमेंट किया जायेगा। पूजा समिति के वॉलिंटियर्स भी छठ घाट पर मौजूद रहेंगे।

## सूर्य उपासना के महापर्व छठ का खरना संपन्न



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** लोक आस्था और भगवान सूर्य की उपसाना का महापर्व छठ पूजा रविवार की शाम दूसरा दिन छठ व्रतीयों ने खड़ना का अनुष्ठान कर पूजा अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया। इसमें हजारों लोगों ने छठव्रतियों के घरों में जाकर प्रसाद ग्रहण किया। दूसरी ओर सोमवार के अस्ताचलगामी और मंगलवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के लिए फलों की खरीदारी भी की जा रही है। इसके लिए पतरातू भगत सिंह चौक, न्यू मार्केट पतरातू स्टेशन सहित कई स्थानों में फलों की दुकानें सज गयी है। वहीं पतरातू डैम समेत आसपास के जलाशयों, तालाबों और नदियों में छठ महापर्व मनाने के लिए छठ घाट तैयार कर लिया गया है। पीटीपीएस डैम व दामोदर नदी के छठ घाट सहित शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के दर्जनों छठ घाटों पर हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी। इसके लिए समितियों द्वारा छठ व्रतियों के लिए अनेकों सुविधाएं उपलब्ध करायी गयी है।

## राकोमयू रीजनल सेक्रेटरी ने तोपा कोलियरी का किया दौरा



**कुजू (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के सीसीएल रिजनल सेक्रेटरी कुमार महेश सिंह ने तोपा कोलियरी का दौरा किया। दौरा कार्यक्रम का नेतृत्व शाखा सचिव जयनाथ महतो ने किया। इस दौरान उन्होंने पीट आफिस व एक्सावेशन वर्कशाप में बैठक कर संडे ड्यूटी, आपरेटर इंसेंटिव और प्रोन्नति समेत विभिन्न मुद्दों पर कर्मियों से जानकारी ली। साथ ही, मजदूरों की समस्याओं का समाधान कराने का भरोसा दिलाया। वहीं, कोलियरी में कार्यरत दशरथ महतो के निधन पर शोक संवेदना प्रकट की। इधर, मजदूरों की समस्याओं से अवगत होते हुए सीसीएल प्रबंधन से वार्ता कर शीघ्र समाधान की बात कही। कहा कि एक यूनियन पदाधिकारी द्वारा ऑपरेटरो को बहकाकर दो रविवार कार्य बंद करा कंपनी व ऑपरेटरों को आर्थिक नुकसान पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने ऐसे लोगों से बचने की सलाह दी। इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, तोपा शाखा अध्यक्ष राजकुमार, रोहन महतो समेत कई शामिल रहे।

## उपायुक्त ने छठ घाटों का लिया जायजा



**चतरा (आजाद सिपाही)।** छठ महापर्व को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप देने का कार्य जारी है। उपायुक्त श्रीमती कीर्तिश्री जी ने आज पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल, सदर अनुमंडल पदाधिकारी जहूर आलम, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संदीप सुमन, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं संबंधित थाना प्रभारियों के साथ चतरा नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों कठौतिया तालाब, छठ तालाब सहित हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र के जोरी छठ घाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने घाटों की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, गोताखोरों की तैनाती, पानी में बैरिकेटिंग और अन्य सुरक्षा प्रबंधों की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। उपायुक्त ने कहा कि 27 अक्टूबर को प्रथम अर्घ्य तथा 28 अक्टूबर को द्वितीय अर्घ्य का आयोजन होगा।

## मां शीतला देवी मंदिर में भंडारा का आयोजन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस शनिवार को भी भुरकुंडा के पटेलनगर सयाल मोड़ स्थित मां शीतला देवी मंदिर में नर सेवा नारायण सेवा कार्यक्रम के तहत भव्य भंडारा का आयोजन किया। सर्वप्रथम पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना कर मां को लड्डू का भोग चढ़ाया गया। इसके बाद लायंस क्लब ने फूड फॉर हंगर के तहत लगभग 300 लोगों को खिचड़ी रूपी प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद लिया। बताया गया कि पिछले एक वर्ष से अधिक समय से प्रत्येक सप्ताह लायंस परिवार के द्वारा व्यक्तिगत सहयोग से इस तरह का आयोजन किया जाता है। लायंस परिवार ने ऐसे नेक और सामाजिक कार्यों में सबों को सहयोग करने की अपील की। इधर परमानेंट वैक्सीनेशन के तहत लायंस क्लब द्वारा राज नर्सिंग होम में दर्जनों नवजात शिशुओं और गर्भवती महिलाओं का नि:शुल्क टीकाकरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब के अध्यक्ष लायन अशोक सिन्हा, सचिव लायन अखिलेश शर्मा, कोषाध्यक्ष लायन निर्मल अग्रवाल, जिला चेयरपर्सन लायन विजयंत कुमार, लायन रेखा वर्णवाल, लायन माला शर्मा, लायन विजय वर्णवाल, लायन अंजू देवी, लायन रेखा मंजुल, लायन डॉ. एमके मंजुल, एमजेएफ संजय जयसवाल, लायन दीनबंधु सिंह, भूपेंद्र सिंह सैनी उर्फ जीबु, रमेश अग्रवाल आदि सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

## उरलुंग डायर जतरा मेला धूमधाम से संपन्न



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** उरलुंग में आयोजित डायर जतरा मेला हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मेला में बतौर मुख्य अतिथि जेएमएम के वरिष्ठ नेता संजीव बेदिया और विशिष्ट अतिथि के रूप में बरकाकाना ओपी प्रभारी उमा शंकर वर्मा उपस्थित रहे। मेला का संचालन कमिटी के संरक्षक पंचदेव करमाली उर्फ पंचम ने किया। कमिटी के मुख्य संरक्षक छोटे लाल करमाली, अध्यक्ष दिलीप ओरांव व सचिव प्रदीप बेदिया की अगुआई में कमिटी के पदाधिकारियों ने उपस्थित अतिथियों को अंगवस्त्र भेंट कर उनका स्वागत किया। मेला के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित की गयी। मुख्य अतिथि संजीव बेदिया ने अपने संबोधन में कहा कि मेला के आयोजन से लोगो में भाईचारे और आपसी सौहार्द को बढ़ावा मिलता है। मौके पर वार्ड पार्षद गीता देवी, पूर्व मुखिया रमण बेदिया, तूफान ओरांव, सिकन्दर लिंडा, सूरज बारला, दीना नाथ ओरांव, अविनाश ओरांव, अंकित ओरांव मुकेश मुंडा, सुभाष ओरांव, शिव नारायण बेदिया, राम बिलाश मुंडा, धनेश्वर ओरांव, महेश मुंडा, रमेश बेदिया, जतरू ओरांव, मंगल ओरांव, केंदुआ ओरांव, बिनोद ओरांव, सिकंदर लकड़ा, विमल मुंडा, राम प्रसाद मुंडा, अनिल मुंडा, बरतू ओरांव, संजय राम सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।






# महुआडांड़ में आदिवासियों ने निकाली आक्रोश महारैली

आजाद सिपाही संवाददाता



महुआडांड़। महुआडांड़ अनुमंडल क्षेत्र के आदिवासी संगठनों, मुखियाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और युवाओं द्वारा आज एक भव्य जनसभा एवं रैली का आयोजन किया गया। रैली में हजारों की संख्या में आदिवासी पुरुष, महिलाएं और युवा पारंपरिक पोशाकों एवं बैनरों के साथ शामिल हुए। रैली के उपरांत राष्ट्रपति के नाम बीडीओ महुआडांड को एक ज्ञापन भेजा गया, जिसमें झारखंड, उड़ीसा और पश्चिम बंगाल के कुरमी/कुड़मी महतो जाति को अनुसूचित जनजाति (एसटी) सूची में शामिल करने के प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया गया। सभा में वक्ताओं ने कहा कि कुरमी/कुड़मी महतो जाति आदिवासी समाज की परंपरागत, सांस्कृतिक और सामाजिक विशेषताओं पर खरी नहीं उतरती। उन्हें रुढ़ सूची में शामिल करने की मांग संविधान, इतिहास और सामाजिक न्याय–तीनों के विरुद्ध है।

आदिवासी नेता शशि पन्ना ने कहा कि जान देंगे लेकिन कुड़मी को आदिवासी बनने नहीं देंगे। इनकी मांग को केंद्र सरकार ने पूर्व में भी खारिज कर दिया है, लेकिन फिर भी ये लोग दबाव की राजनीति कर एसटी का दर्जा पाना चाहते हैं, जिसे आदिवासी समाज कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने कहा कि हम आदिवासी समुदाय 2018 से ही कुड़मी को आदिवासी बनाये जाने का विरोध कर रहे हैं, और जब तक ये लोग अपनी मांग वापस नहीं लेते, हमारा आंदोलन जारी रहेगा। लेखक एवं समाजसेवी ग्लैडसन डुंगडुंग ने कहा कि कुड़मी समाज ने पिछले दो दशकों से एसटी दर्जा पाने के लिए अपनी पूरी राजनीतिक और आंदोलनात्मक ताकत झोंक दी, लेकिन बार-बार उनकी मांग खारिज की गयी क्योंकि वे आदिवासी नहीं हैं। अब उन्हें फर्जी इतिहास और झूठे तथ्यों का प्रसार बंद करना चाहिए। आदिवासी नेत्री ज्योत्सना केरकेट्टा ने व्यंग्यात्मक अंदाज में कहा कि आदिवासी समाज प्वाइंट टू प्वाइंट बात करता है, तो इनका ज्वाइंट टू ज्वाइंट में दर्द होता है।

सभा में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि कुरमी/कुड़मी महतो जाति को झारखंड, उड़ीसा और पश्चिम बंगाल की अनुसूचित जनजाति सूची में शामिल करने संबंधी किसी भी प्रस्ताव या अनुशंसा को राष्ट्रपति द्वारा अस्वीकार किया जाये, तथा संविधान और टीआरआइ रिपोर्टों के आधार पर यथास्थिति बनाये रखी जाये। सभा का मंच संचालन अजित पाल कुजूर ने किया।

# पीवीयूएनएल के निदेशक ने बनहरदी कोल खनन परियोजना का किया दौरा



आजाद सिपाही संवाददाता

चंदवा। चंदवा में पीवीयूएनएल के अध्यक्ष एवं एनटीपीसी लिमिटेड के निदेशक केएस सुंदरम द्वारा बनहरदी कोयला खनन परियोजना का दौरा किया। बताते चलें कि बनहरदी कोयला परियोजना के अपने पहले दौरे के दौरान केएस सुंदरम द्वारा दो प्रमुख ग्राम पंचायतों बारी और बनहरदी, के कोयला ब्लॉक क्षेत्र का निरीक्षण किया। इसके अलावा उनके द्वारा बनहरदी -चेतर रेल कॉरिडोर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सासंग गाँव में युवा खेल टीमों को फुटबॉल, वॉलीबॉल और क्रिकेट के अलग अलग खेल सामग्री किट का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम पीवीयूएनएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अशोक कुमार सहगल की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में महाप्रबंधक बनहरडीह एनके मल्लिक, सीएफओ नगेंद्र कुमार मिश्रा, जियाउर रहमान हेड ऑफ एचआर, एम चंद्रसेगर, आरबी सिंह, अपर महाप्रबंधक, अमरेश चंद्र राउल, जीवनेंदु मोहपत्रा, उप महाप्रबंधक, विनेश कुमार, सुब्रत कुमार दास, वरिष्ठ प्रबंधक, अमित द्विवेदी, अबीरलाल नाथ कार्यपालक आरएंडआर एवं पीवीयूएनएल के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## हरमू नदी घाट में लगता है मेला

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सूर्य देव और छठ मईया की उपासना का महापर्व छठ लोहरदगा में यूं तो पूरे भक्ति भाव के साथ शहर से लेकर गांव तक के नदी–तालाबों में आस्था और विश्वासपूर्वक मनाया जाता है, परंतु कोयल–शंख संगम पर हरमू नदी घाट में हर साल हजारों लोगों की भीड़ के बीच आस्था का मेला लगता है। शहर से महज डेढ़–दो किमी दूर लोहरदगा–रामपुर पथ में हरमू कोयल नदी घाट पर हर साल हजारों लोग छठ मईया और सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित करने को लेकर उमड़ते हैं। साल 2005 में यहां पर छठ महापर्व की शुरुआत हुई थी। समाज सेवी राजेंद्र राम वर्मा ने इसके लिए पहल की थी। हरमू रोड नदिया निवासी जनार्दन राम वर्मा के पुत्र राजेंद्र राम वर्मा ने शहरी क्षेत्र के तालाबों में बढ़ते प्रदूषण और भीड़ को देखते हुए रास्ता सुझाया था। इसके लिए उन्होंने स्थानीय लोगों की सहायता ली। राजेंद्र राम वर्मा की इस पहल में स्थानीय निवासी बिहारी साहु, अशोक राउत व प्रदीप साहु ने सहयोग किया। उन दिनों हरमू घाट जाने के लिए न तो बेहतर सड़क थी और न ही प्रकाश की व्यवस्था। बावजूद इसके स्थानीय लोगों ने अपने–अपने घर के बाहर दीया जलाकर छठ व्रतियों के लिए प्रकाश की व्यवस्था शुरू की। स्थानीय युवाओं ने छठ घाट की साफ–सफाई और अन्य सुविधा मुहैया कराया। धीरे–धीरे यहां पर लोगों का आना शुरू हुआ। वर्तमान में हजारों की भीड़ कोयल–शंख संगम तट पर भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करती है। यह स्थान प्रकृति की अनुपम सुंदरता का परिचायक भी है। पत्थरों के बीच से कल–कल कर बहता पानी, शुद्ध वातावरण, पूर्व दिशा की ओर से ग्रामीण परिवेश में सूर्योदय का दृश्य लोगों को बरबस ही मोहित करता है।

## चैनपुर गांव के 20 उद्यमियों को मिला प्रशिक्षण



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। पेशरार प्रखंड के ग्राम चैनपुर में 20 उद्यमियों को कौशल उन्नयन योजना अंतर्गत प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान जिला उद्यमी समन्वयक द्वारा टूलकिट का वितरण किया गया। मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के सहयोग से कौशल उन्नयन योजना अंतर्गत बम्बू क्राफ्ट में प्रशिक्षण लेकर विभिन्न प्रकार की पेन स्टैंड, ट्रे, मोबाइल स्टैंड, फ्लॉवर पोर्ट, फुल टोकरी, नेम प्लेट, सोफा सेट, इत्यादि उत्पाद का निर्माण करेंगे। यह प्रशिक्षण 25 दिन का होगा उसके बाद प्रशिक्षणार्थी आत्मनिर्भर होकर अपना काम करेंगे साथ ही मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के सहयोग से इसके लिए मार्केटिंग की व्यवस्था की जा रही है। प्रशिक्षण का कार्य जन जागरण एजेंसी के द्वारा दिया जा रहा है जिला उद्यमी समन्वयक द्वारा बताया गया उन्नत टूलकिट के वितरण से कारीगर पर्याप्त मात्रा में अपने उत्पादन को बढ़ा पायेंगे और अपने उत्पाद में गुणवत्ता भी लायेंगे। मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के सहयोग से एक सीएफसी भवन कॉमन फैसिलिटी सेंटर का निर्माण किया जायेगा इस केंद्र में यहां के प्रशिक्षणार्थी एक साथ मिल बैठकर के काम कर पायेंगे साथ ही अपना आय, उत्पादन के साथ रोजगार को बढ़ा पायेंगे। उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के जिला उद्यमी समन्वयक, लोहरदगा साथ ही प्रखंड उद्यमी समन्वयक पेशरार उपस्थित हुए। मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के प्रयास से जिले के लोगों के लिए लगातार विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही साथ यहां के लोगों को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस क्रम में 25 दिवसीय बंबू क्राफ्ट से निर्मित उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थी को आवश्यक टूलकिट भी प्रदान की गयी ताकि वे सीखे गये कौशल को व्यवहार में लाकर अपने उद्यम की शुरुआत कर सकें।

# कुडू का ऐतिहासिक टीको छठ घाट तैयार



आजाद सिपाही संवाददाता

कुडू / लोहरदगा। कुडू का ऐतिहासिक टीको नदी छठ घाट व्रतियों के स्वागत के लिए पूरी तरह सजधज कर तैयार है। आज सोमवार को व्रती अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे। वर्ष 1983 से बजरंग दल छठ पूजा समिति इस घाट की साफ-सफाई, लाइटिंग, साउंड सिस्टम, व्रतियों के कपड़े बदलने के लिए घेराव तथा टेंट आदि की व्यवस्था करती आ रही है। इस वर्ष घाट पर की गयी विशेष तैयारियों में अलग से वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था भी की गयी है। घाट से लेकर करीब दो किलोमीटर दूर कुडू टाउन तक पूरे मार्ग में साउंड और लाइटिंग की आकर्षक व्यवस्था की गयी है।

## पलमी में युवक ने लगायी फांसी

भंडरा (आजाद सिपाही)। भंडरा थाना क्षेत्र के पलमी गांव में बीती रात को एक युवक ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान 25 वर्षीय राजेश महली पिता स्व कर्मा महली के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही भंडरा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फांसी के फंदे से उतारकर भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा ले गयी। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस बाबत रवि रंजन कुमार ने बताया कि सुबह सूचना मिली थी कि पलमी में एक व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई की। मृतक के परिजनों ने बताया कि उसके पत्नी से पिछले कुछ दिनों से पारिवारिक विवाद को लेकर तनाव में था। शनिवार की रात को राजेश बाहर से आया और अपने कमरे में चला गया। घर के सभी सदस्य बाहर बैठ कर बात कर रहे थे। तभी राजेश ने घर के छत के पाइप में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

# चंदवा में 251 व्रतियों के बीच केले के कांदी का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता



चंदवा। चंदवा लोक आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर इंदिरा गांधी चौक स्थित अजय किराना स्टोर की ओर से समाजसेवा की अनूठी मिसाल पेश की गयी। रविवार को स्टोर के प्रोपराइटर अंकित कुमार (गोलू) की पहल पर 251 छठव्रतियों के बीच निःशुल्क केले का कांधी वितरण किया गया। यह कार्यक्रम महेंद्र साहू 'नेता जी' के सीबी कॉम्प्लेक्स, मेन रोड चंदवा में आयोजित हुआ, जहां सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। कार्यक्रम पूर्व सरपंच भुनेश्वर प्रसाद, महेंद्र साहू, कौशल लाल, अमित गुप्ता, राजकुमार पाठक, रामप्रवेश यादवऔर राजकुमार साहू के मार्गदर्शन में सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ। अजय किराना स्टोर के प्रोपराइटर अंकित कुमार (गोलू) ने कहा कि छठ पर्व हमारी आस्था और एकता का प्रतीक है। यह वितरण कोई दान नहीं, बल्कि छठव्रतियों के प्रति सम्मान और श्रद्धा का छोटा-सा प्रयास है। महेंद्र साहू ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अंकित गोलू का समाजसेवा का यह संकल्प जारी,छठव्रतियों की सेवा करना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। वहीं कौशल लाल ने बताया कि केले की कांधी वितरण से कई व्रतियों को सुविधा हुई और उन्हें बाजार की भीड़ से राहत मिली। राजकुमार पाठक ने कहा कि छठ जैसे लोकपर्व में सहयोग और सामूहिक भावना ही सबसे बड़ी पूंजी है। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अजय किराना स्टोर की इस पहल की सराहना की।

## हाथी ने दो मकान को तोड़ा, बच्चे को किया घायल



सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के अलग अलग गांवों एक जंगली हाथी रात भर उत्पात मचाया है। जिसे हाथी के भय से रात भर गांव के लोग बिजली और मसाल जला कर अपने क्षेत्र से बाहर भगाया। वहीं हाथी के संदर्भ में बताया जाता है कि शनिवार शाम भंडरा सीमा के अंतर्गत सेगरा टोली साप्ताहिक बाजार में घुस कर दुकान में रखा महुवा को चट कर गया। जिसके बाद लगभग 11बजे रात्रि में झाल जमीरा गांव के पिपरा टोली पहुंचा जहां पर मंगरा उरांव का मकान को ध्वस्त कर घर में रखें अनाज को खा गया। घर में सो रहे मंगरा उरांव का 10वर्षीय पुत्र विक्रम उरांव हाथी के चपेट में आने से घायल हो गया। जिसे परिजनों द्वारा घायल विक्रम उरांव को अस्पताल ले जा कर प्राथमिक उपचार कराया गया। परिजनों ने बताया कि घायल विक्रम को हाथी ने हाथ अंगुली और चेहरा में चोट पंहुचाया है। साथ ही झाल जमीरा पीपरा टोली गांव में सनीराम उरांव का मकान को भी हाथी ने ध्वस्त कर दिया। झलजमीरा भटक कर हाथी सुबह करीब 4 बजे सुबह में जमा मस्जिद सेन्हा के पास से घनी आबादी स्थित अमन चौक मुहल्ले में प्रवेश किया और मुरकी गांव होते हुए चौकनी की ओर पहुंच कर जंगल में विश्राम कर रहा है।

# स्वास्थ्य शिविर में 40 लोगों ने करायी जांच

आजाद सिपाही संवाददाता



लोहरदगा। सेवा भारती के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार 176 वें सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 40 लोग अपने स्वास्थ्य संबंधित जांच करवाकर लाभान्वित हुए। हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, ब्लड ग्रुप, शुगर, बीपी, वजन, हार्ट बीट, ऑक्सीजन लेवल आदि का निशुल्क जांच किया गया एवं अन्य सभी प्रकार की स्वास्थ्य जांच पैथोलॉजी के माध्यम से आधे खर्च में ही करायी जाती है। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा बीमारी के लक्षण होने पर जांच करवा कर या डॉक्टर के सलाह से ही दवा ले, ना की खुद से मेडिकल शॉप से दवा लेकर खायें, इससे क्षणिक आराम होती है पर इसका साइड इफेक्ट बहुत हो सकता है, सुखी जीवन के लिए शरीर का स्वस्थ रहना अत्यंत आवश्यक है इसके लिए आपको नियमित रूप से स्वास्थ्य चेकअप करते रहना चाहिए। डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा की लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति ध्यान रखना चाहिए अभी बदलते मौसम पर ठंड शुरूवात और ठंड के जाने के समय बीमारियां बढ़ती है उस वक्त गर्म कपड़ों से कान और गला को बचायें। उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल ने कहा कि प्रत्येक सप्ताह इस स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना स्वास्थ्य चेकअप करवा कर अपने बीमारी का यहां डॉक्टर के इलाज से स्वस्थ हो रहे हैं। यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को सुबह एक घंटे के लिए लगायी जाती है। शिविर में जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ डॉ कुमुद अग्रवाल, अवधेश मित्तल, रामचंद्र गिरी, अंजलि सराफ, रामदेव भारती, अतुल सराफ, अमर गोस्वामी, गोपाल महतो, सच्चिदानंद अग्रवाल,मेरी देवी, फरमासिस सूरज साहू, धनंजय प्रसाद अग्रवाल, जुगल किशोर, देवनारायण प्रसाद, शीला देवी, मनीष राय, सुरेंद्र प्रसाद, कृष्ण प्रसाद, सुरेश प्रसाद महतो, शिमला देवी, अमित बंका, रमेश शर्मा, सुनील सिंह सहित कई उपस्थित थे।

# 'नशा छोड़ो फुटबॉल खेलो' थीम के साथ फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता



सेन्हा/ लोहरदगा। अरु पंचायत के जोगना ग्राम में फौजी क्लब द्वारा आयोजित नशा छोड़ो फुटबॉल खेलो थीम पर आयोजित चार दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन शनिवार को किया गया। वही फाइनल मैच का मुख्य अतिथि मिखिया राजश्री उरांव एवं सुखैर भगत, विशिष्ट अतिथि सांसद प्रतिनिधि नंदकिशोर शुक्ला और प्रकाश उरांव द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर बालक और बालिकाओं के फाइनल मैच प्रारम्भ किया गया। मौके पर कांग्रेस अध्यक्ष सुखैर भगत ने कहा कि खेल भावना का सम्मान करना खिलाड़ियों का प्रथम लक्ष्य है। साथ ही कहा गया कि खेल में हार और जीत दोनों होती है। लेकिन महत्वपूर्ण बात यह है कि खिलाड़ी इसे एक सकारात्मक अनुभव के रूप में लें और मैदान में अनुशासन बनाये रखें। वही इस प्रतियोगिता को समर्पित भाव आयोजित करने वाले आयोजकों का अतिथियों द्वारा भूरी भूरी प्रशंसा की गयी। मौके पर मुखिया राजश्री उरांव ने कहा कि फुटबॉल शारीरिक तथा सामाजिक विकास का एक महत्वपूर्ण साधन है। खेल टीम वर्क, दोस्ती और आपसी सहयोग को बढ़ावा देता है। जो जीवन के अन्य क्षेत्रों में भी सफलता के लिए महत्वपूर्ण माना गया है। फुटबॉल टूर्नामेंट में बालक वर्ग में विजेता फौजी क्लब जोगना उपविजेता अनुग्रह क्लब बंसरी के अलावे तृतीय पुरस्कार रेड आर्मी गुमला तथा चतुर्थ पुरस्कार ए जे स्टाइल तिगरा को जबकि बालिका वर्ग में विजेता सिफोल्ड एकेडमी और उपविजेता एफसी टीम मन्हो को मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वही आयोजन कमिटी के अध्यक्ष सरताज अंसारी द्वारा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी टीम के खिलाड़ियों का उज्ज्वल भविष्य की कामना की गयी।

## छठ महापर्व पर स्वास्थ्य विभाग सक्रिय



भंडरा (आजाद सिपाही)। छठ महापर्व को लेकर स्वास्थ्य विभाग में छठ पर्व की तैयारी में लग गया है। स्वास्थ्य विभाग छठ व्रतियों की सुविधाओं का ख्याल रख रही है। इस क्रम में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा सभी छठ घाट में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया एवं स्वच्छता से संबंधित अन्य कार्य भी किये गये। इस संबंध में स्वास्थ्य कर्मी रामकुमार ने बताया कि भंडरा प्रखंड के चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर संजय कुमार के निर्देश पर अखिलेश्वर धाम छठ घाट, भौरों नदी छठ घाट, मसमानो तालाब छठ घाट एवं कुम्हारिया छठ घाट में ब्लीचिंग का छिड़काव किया गया एवं स्वच्छता का काम की गयी। छठ घाट में छठ व्रतियों को किसी तरह का असुविधा न हो इसका ख्याल रखा गया है। डॉ संजय कुमार ने बताया कि अन्य छठ घाट में भी स्थानीय स्वास्थ्य कर्मियों को ब्लीचिंग का छिड़काव कर साक्षरता से संबंधित ध्यान रखने के लिए निर्देश दी गयी है।

## छठव्रतियों ने किया घाट पूजन और खरना

कुडू/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सूर्योपासना और लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ पूरे श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया जा रहा है। रविवार को दूसरे दिन व्रतियों ने दोपहर बाद विधि-विधान से अपने - अपने छठ घाटों की पूजा-अर्चना की। घाट पूजन के बाद व्रतियों ने घर लौटकर नेम-नियमपूर्वक नये चूल्हे में गुड़ की खीर, रोटी और दूध से खरना प्रसाद तैयार किया। सूर्य देव और छठी मइया को भोग अर्पित करने के बाद व्रतियों ने प्रसाद ग्रहण किया और श्रद्धालुओं के बीच वितरित किया। शाम से लेकर देर रात तक व्रतियों के घरों में प्रसाद ग्रहण करने वालों की लंबी कतारें लगी रहीं।

# छठव्रतियों ने गुड़ से बने खीर को प्रसाद के रूप में किया ग्रहण

आजाद सिपाही संवाददाता



लोहरदगा। छठ महापर्व को लेकर रविवार की देर शाम सूर्यास्त के बाद परंपरागत रूप से पूजा-अर्चना करते हुए छठ व्रतियों ने खरना अनुष्ठान संपन्न किया। चार दिवसीय लोक आस्था के महापर्व छठ के दूसरे दिन रविवार को व्रतियों ने नेम-धर्म के साथ खरना का प्रसाद बनाया। स्नान-ध्यान के बाद शुद्ध जल से आम के लकड़ी पर अरवा चावल व गुड़ का खीर बनाया इस प्रसाद को खरना कहते हैं। कहते है सूर्यास्त के बाद व्रती इस प्रसाद को बना कर भगवान भास्कर के ध्यान पूजा के कमरे में करती हैं तो वहां पर एक खर की भी आवाज नहीं होनी चाहिए। पूजा के बाद पहले व्रती खरना का प्रसाद ग्रहण करती हैं। इसके बाद परिवार के सभी सदस्य व्रतियों के पैर छूने के बाद इस प्रसाद को माथे से लगा कर ग्रहण करते हैं। तत्पश्चात श्रद्धालु इस प्रसाद को ग्रहण करते हैं।

तीसरे दिन सोमवार को व्रती अस्ताचलगामी तथा अंतिम दिन मंगलवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने साथ इस महापर्व का पारण होगा। पहला अर्घ्य देने घाटों पर व्रतियों के साथ काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे। व्रतियों के स्नान के बाद उनकी उतारी साड़ी से भक्त अपने शरीर को पोंछते हैं। जबकि सुबह उदीयमान भास्कर को अर्घ्य के बाद प्रसाद के लिए व्रतियों के पास महिला और पुरुषों की भीड़ लगेगी। छठ महापर्व को लेकर भक्ति की धारा बहने लगी है। खरना अनुष्ठान के बाद प्रसाद पाने को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने छठ व्रतियों के यहां पहुंचकर छठ मैया का आशीर्वाद लेते हुए प्रसाद ग्रहण किया। इसके साथ ही छठ महापर्व का उल्लास अपने चरम पर पहुंच गया है। पारंपरिक लोकगीत गाए जाने लगे हैं। छठ व्रतियों के वहां भक्ति गीत बज रहे हैं। छठ से जुड़े गीतों के बजने से पूरा वातावरण भक्तिमय हो चुका है। प्रसाद पाने के लिए लोग कतारबद्ध होकर आतुर नजर आये। लोगों ने भक्ति भाव के साथ प्रसाद ग्रहण किया। छठ मैया का आशीर्वाद लेकर अपने परिवार की सुख, समृद्धि और शांति के लिए प्रार्थना की। यहां बता दें कि यह प्रसाद चूल्हें पर आम की लकड़ियों को जलाकर ही बनाया जाता है। सूर्य उपासना का यह लोकपर्व छठ 4 दिनों तक मनाया जाता है, जिसकी शुरूआत नहाय-खाय से होती है। उसके अगले दिन खरना किया जाता है। खरना का मतलब होता है शुद्धिकरण। दरअसल, छठ का व्रत करने वाले व्रती नहाय खाय के दिन पूरा दिन उपवास रखकर केवल एक ही समय भोजन करके अपने शरीर से लेकर मन तक को शुद्ध करने का प्रयास करते हैं इसकी पूर्णता अगले दिन समाप्त होती है। यही वजह है कि इसे खरना के नाम से बुलाया जाता है। इस दिन व्रती साफ मन से अपने कुलदेवता और छठ मैया की पूजा करके उन्हें गुड़ से बनी खीर का प्रसाद चढ़ाते हैं।

## पूजा सामग्री खरीदने के लिए उमड़े श्रद्धालु

बालूमाथ (आजाद सिपाही)। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर रविवार को बालूमाथ के बाजारों में भक्तों की भारी भीड़ रही। महंगाई के बावजूद छठव्रतियों ने पूजा सामग्री की खरीदारी में किसी प्रकार की कमी नहीं रखी। फल, दूध, फूल, प्रसाद सामग्री एवं सूप–दौरा सहित अन्य जरूरी वस्तुओं की दुकानों पर सुबह से देर शाम तक खरीदारी चलती रही। दोपहर बाद छठव्रतियों ने नियम–निष्ठा के साथ स्थानीय जलाशयों में स्नान कर विधिवत पूजा–अर्चना की और खरना का प्रसाद ग्रहण किया। इसके साथ ही चार दिवसीय छठ महापर्व का तीसरा चरण पूरा हो गया। सोमवार को अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य दिया जायेगा, जबकि मंगलवार की सुबह उगते हुए सूर्य को अंतिम अर्घ्य अर्पित कर व्रत की समाप्ति की जायेगी। छठ पर्व को लेकर बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय मुरपा,भगेया,सेरेगड़ा, मकईयाटांड़, झाबर,इचाक,बालू,चेतांग सहित कई क्षेत्रों में उत्साह और श्रद्धा का माहौल बना हुआ है।

# खरना के साथ शुरू हुआ 36 घंटे का निर्जला व्रत

## अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य के साथ व्रतियों ने किया खरना, गुड़-दूध-चावल से बनी खीर का लगाया भोग

आजाद सिपाही टीम

**विशुनपुरा/गढ़वा।** लोक आस्था और स्वच्छता के प्रतीक महापर्व छठ की धूम चारों ओर मची है। छठ गीतों ने माहौल को और भक्तिमय बना दिया है। विशुनपुरा प्रखंड में रविवार को दूसरे दिन व्रतियों ने अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को पहली अर्घ्य के साथ खरना किया। सूर्यास्त के बाद गुड़, दूध और चावल से बनी खीर का भोग लगाकर व्रतियों ने पूजा-अर्चना की। इसी के साथ 36 घंटे का निर्जला उपवास आरंभ हो गया है। विशुनपुरा मुख्यालय स्थित श्री विष्णु मंदिर तालाब, थाना स्थित सूर्य मंदिर बांकी नदी छठ घाट, अमहर सूर्य मंदिर छठ घाट, कमता कामेश्वरी माता मंदिर छठ घाट, कोचेया बांकी नदी छठ घाट, पिपरीकला बांकी नदी छठ घाट सहित कई घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। व्रतियों ने स्नान कर मिट्टी के चूल्हे पर आम की लकड़ी से प्रसाद बनाया और भगवान भास्कर को अर्पित किया। खरना के साथ ही पूरा क्षेत्र भक्ति के रंग में रंग गया। गांव-गांव में छठ मइया के गीत ...कांचे ही बांस के बहंगिया, मारबो रे सुगवा धनूख से..., दर्शन दिही भोरे भोरे भइले हे छठ मइया गूंजते रहे। महिलाओं ने सिर पर दउरा लेकर घाटों की सफाई में सहयोग किया और श्रद्धालु पूजा की तैयारी में जुटे दिखे। दूसरी ओर, छठ पर्व को लेकर विशुनपुरा में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। घाटों की सजावट, प्रकाश व्यवस्था और बैरिकेडिंग की गई है। प्रशासन की ओर से लगातार निगरानी रखी जा रही है। दूसरी ओर, बाजारों में जबरदस्त रौनक देखी जा रही है। जगह-जगह फल, सूप-दऊरा, पूजन सामग्री, नारियल, गन्ना और केले की दुकानें सज गई हैं। लोग पूजा की तैयारी में जुटे हुए हैं। इस अवसर पर जीवन ज्योति क्लब के अध्यक्ष ललन गुप्ता, उपाध्यक्ष उपेंद्र गुप्ता, सचिव सचितानंद गुप्ता, कोषाध्यक्ष छोटू चन्द्रवंशी, संरक्षक नागेंद्र ठाकुर, उपकोषाध्यक्ष राजू ठाकुर, उपसचिव ज्वाला मेहता, अनिल चन्द्रवंशी, जगदीश चन्द्रवंशी, परमानंद ठाकुर, प्रभु राम, कुलदीप शर्मा और सुमित वर्मा आदि उपस्थित रहे।


खरना पर भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पण करती छठव्रती महिलाएं।

### भवनाथपुर बाजार में खरीदारी को उमड़ी लोगों की भीड़

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजार में छठ पूजा को लेकर जबरदस्त उत्साह है। श्रद्धालुओं ने पूजन सामग्री की जमकर खरीदारी की, जिससे बाजार में रौनक छा गई। फल, फूल, सुपली, दउरा और अन्य पूजन सामग्रियों की दुकानों पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी। छठ व्रत की पवित्रता और परंपरा को निभाने के लिए लोग सुबह से ही बाजार पहुंचने लगे, जिससे पूरे क्षेत्र में मेले जैसा माहौल बन गया। भीड़ को नियंत्रित करने और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने पुलिस बल की तैनाती की थी। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि इस बार अच्छी बिक्री हुई है। लोगों में छठ को लेकर विशेष उत्साह है।

# छठ मइया की कृपा से गढ़वा सहित पूरे देश में बनी रहे सुख, शांति और समृद्धि : मिथिलेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** आस्था और समर्पण का महापर्व छठ के दूसरे दिन रविवार को खरना पर मेराल के डंडई रोड में राज्य के पूर्व मंत्री सह झामुमो के केंद्रीय महासचिव मिथिलेश कुमार ठाकुर ने छठ व्रतियों के बीच फल एवं छठ पूजा सामग्री का वितरण किया। इस दौरान पूर्व मंत्री ने छठ व्रतियों के बीच 40 पेटी सेव, 20 बोरा संतरा, दो क्विंटल सिंघाड़ा, एक क्विंटल मूंगफली, 35 क्विंटल हल्दी, अदरक, मूली, गाजर आदि सहित नारियल, अगरबत्ती एवं अन्य पूजन सामग्री का वितरण किया। मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि छठी मईया सबके जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का आशीर्वाद बरसाएं, ऐसी प्रार्थना है। छठ मईया के आशीर्वाद से गढ़वा सहित पूरे देश में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहे। उन्होंने कहा कि छठी मईया की ऐसी महिमा है कि जो श्रद्धालू पर्व करने में सक्षम नहीं हैं, वे भी अच्छी तरह से पर्व कर सकते हैं। इस महापर्व में भिक्षाटन कर पर्व करने का बहुत बड़ा महत्व है। इस दौरान काफी संख्या में लोग छठ व्रतियों को दिल खोलकर सहयोग करते हैं, ताकि गरीब से गरीब छठ व्रती भी छठ महापर्व कर सके। कहा कि छठ मईया ऐसा आशीर्वाद बनाए रखें कि वे हमेशा छठ महापर्व में बढ़ चढ़ कर छठ व्रतियों को सहयोग कर सकें। इस मौके पर झामुमो के जिलाध्यक्ष शंभु राम, प्रखंड प्रमुख दीपमाला, सूर्य प्रकाश, संजय भगत, वीरेंद्र प्रसाद, दशरथ प्रसाद, विनोद प्रसाद, शंभु प्रसाद, कामेश्वर सिंह, राजेश बैठा, अशोक राम, नवीन प्रसाद, हेमंत कुमार सिंह, ज्ञान रंजन मिश्र, जहुर रंगसाज आदि उपस्थित थे।



### गढ़वा में फल वितरण आज

पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर गढ़वा में सोमवार को छठ व्रतियों के बीच फल एवं छठ पूजन सामग्री का वितरण करेंगे। गढ़वा झामुमो के तत्वावधान में शहर के रंका मोड़ पर घंटा घर के समीप प्रातः आठ बजे से फल वितरण किया जाएगा। इसकी सारी तैयारी पूरी कर ली गई है।

## न्यू इंडियन क्लब ने छठ व्रतियों के बीच पूजन सामग्री और फलों का वितरण किया



**डंडई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के रारो गांव स्थित धरती चौपाल के प्रांगण में न्यू इंडियन क्लब के सदस्यों की ओर से रविवार को पूजा सामग्री और फल का वितरण किया गया। जिसका शुभारंभ पूर्व पंसस विनोद कुमार गुप्ता, कल्ब के अध्यक्ष राजेश पासवान, बीडीसी अरविंद पासवान, विजय प्रजापति, मुकेश ठाकुर, मनीष गुप्ता, शशिकांत ठाकुर, सुनील ठाकुर सहित क्लब के अन्य सदस्यों ने संयुक्त रूप से किया। इसके बाद क्लब के सभी सदस्यों ने बारी-बारी से छठ व्रतियों के बीच नारियल, ईख, केला, सेव और अन्य फल, साथ ही मोमबत्ती, अगरबत्ती आदि का वितरण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए न्यू इंडियन क्लब के सभी सदस्यों का बहुमूल्य योगदान रहा। सदस्यों ने बताया कि छठ पूजा के अवसर पर छठ व्रतियों के बीच पूजन सामग्री एवं फल वितरण लगातार पिछले 10 वर्षों से किया जा रहा है। सबसे खास बात यह रही कि हर वर्ष क्लब के सदस्य बिना किसी चंदे के, अपने स्तर पर आर्थिक राशि जुटाकर यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न करते हैं। इस मौके उमेश सिंह,नारायण साव, लालमोहन पासवान, चंदन गुप्ता, कामेश्वर पासवान,सूर्यनाथ विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

## बलियारी गांव में 35 साल के बाद श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को ले तैयारी में जुटे ग्रामीण

**गढ़वा (आजाद सिपाही।** जिले के कांडी प्रखंड के बलियारी गांव में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर ग्रामीण तैयारी में जुट हुए हैं। यज्ञशाला और कुटिया निर्माण के लिए 15 किलोमीटर पंसा (पलामू) से कोयल नदी एवं सोन नदी से काशी काटने में जुटे हैं। ग्रामीणों के महायज्ञ कराने के निर्णय का आसपास के गांवों में व्यापक चर्चा है। हालांकि अभी महायज्ञ की तिथि निर्धारित नहीं की गई है। पांच नवंबर को महात्मा जी का आगमन ग्राम बलियारी में होना है। इसके बाद अनुकूलता के अनुसार स्वामी जी महायज्ञ की तिथि की घोषणा करेंगें। महायज्ञ को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए यज्ञ कमेटी का गठन किया गया है। इसे लेकर यज्ञशाला और कुटिया निर्माण में 50 से अधिक ग्रामीण लगे हैं। यज्ञ समिति के संरक्षक नरेन्द्र नाथ दुबे, शंभु दुबे, जामुन साह के साथ ही प्रसाद राम, योगेंद्र दुबे, सुजीत दुबे, भुनेश्वर दुबे, चन्नु बैठा, बलराम दुबे, शिवनारायण दुबे, घनश्याम दुबे गुलाबचंद्र शाह, भरत दुबे, बीरेंद्र दुबे इयार, शंकर दुबे, विनोद दुबे, गोपाल यादव, बचरा राम, सहाबुदीन बैठा, शिव कुमार दुबे, नीलमणि मिश्रा, सुनील चंद्रवंशी, चंदन दुबे, लक्ष्मण दुबे, सुदीप राम, बिगन साह, लल्लु विश्वकर्मा, सूर्यदेव पासवान, रामेश्वर साह, बीजेंद्र दुबे, शैलेश, राजन, प्रकाश दुबे सहित काफी संख्या में ग्रामीण लगे हुए हैं। व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है।

# कांडी में पुलिस ने 500 व्रतियों में किया फलाहार का वितरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** थाना परिसर में रविवार को लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर पुलिस की ओर से विशेष आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अवर निरीक्षक बृज कुमार, थाना प्रभारी मोहम्मद अशफाक आलम, कांडी पंचायत मुखिया विजय राम तथा पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि अनूप कुमार ने संयुक्त रूप से करीब 500 व्रतियों के बीच फलाहार का वितरण किया। इस अवसर पर अवर निरीक्षक बृज कुमार ने कहा कि छठ महापर्व हिंदू समाज का आस्था और पवित्रता से जुड़ा सबसे बड़ा पर्व है। इस दिन व्रती निर्जला रहकर भगवान भास्कर की आराधना करती हैं। उन्होंने बताया कि प्रखंड के सभी छठ घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, ताकि पर्व शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके। फलाहार वितरण के बाद थाना प्रभारी मोहम्मद अशफाक आलम और पुलिस टीम ने प्रखंड के प्रमुख छठ घाटों-पोखरा छठ घाट, प्रसिद्ध सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पर्यटन स्थल, सुंडिपुर सोन नदी, खरौंधा, मोखपी सहित अन्य स्थलों का निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। इस मौके पर एसआई अरविंद कुमार सिंह, रोशन कुमार, एएसआई अरुण पासवान, आशीर्वाद महतो, मनोज राम, मुंशी संदीप कुमार, माया कुमारी, समाजसेवी कृष्णा बारी, रविरंजन उर्फ टिंकू सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# छठ महापर्व पर परिवार के आठ सदस्यों ने की हिंदू धर्म में वापसी

## बहकावे में किसी धर्म में गये हिंदुओं की घर वापसी आगे भी कराता रहूंगा : अभितेश

आजाद सिपाही संबाददाता

**भंडरिया।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम फतूटाड में अग्निवीर संस्था के डॉक्टर वशी शर्मा और अभितेस चौबे के मार्गदर्शन में गजेंद्र मुंडा सहित आठ परिवार के लोगों को छठ महापर्व के शुभ अवसर पर पंडित विपिन मिश्रा द्वारा सत्यनारायण भगवान की कथा सुनाकर हिंदू धर्म में वापसी कराया गया बताते चलें कि गजेंद्र मुंडा के पिता स्वर्गीय बटेश्वर मुंडा ने धर्म बदल कर ईसाई धर्म अपना लिया था। इसके बाद कालेश्व एवं बीमारी का प्रकोप ज्यादा बढ़ गया था। भंडरिया प्रखंड के हिंदू समाज की ओर प्रेरित कर पुनः घर वापसी के लिए कहा गया। जिसके बाद उसने तुरंत घर वापसी की। संस्था की ओर से साड़ी, कंबल एवं पूजा सामग्री देकर छठ महापर्ब करने के लिए सहायता राशि भि दी गयी। वहीं, हिंदू धर्म में वापसी करने वाले गजेंद्र मुंडा उसकी मां शनिचरी कुंवर, संगीता देवी, संध्या कुमारी, रितमनी कुमारी, मैन्युअल मुंडा, अपर्णा मुंडा शामिल हैं, जो एक ही परिवार के सदस्य हैं। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के नितेश कुमार वर्मा, गांव के प्रधान राजेंद्र मांझी, संजय सिंह, उपेंद्र कुमार विश्वकर्मा और राकेश मांझी आदि उपस्थित थे।



## दो बाइक की टक्कर में सड़क पर गिरे बच्चे को ट्रक ने कुचला, मौके पर ही मौत

**रंका (आजाद सिपाही)।** गढ़वा-रंका राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 343 पर अन्नराज नवाडीह के पास दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर में पांच वर्ष का बच्चा सड़क पर गिर गया। इस दौरान तेज रफ्तार से आ रहे एक ट्रक ने बच्चे को कुचलते हुए कुछ दूर तक घसिट दिया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शी रंका कटरा के समाजसेवी नसीम अंसारी ने आजाद सिपाही को बताया कि बच्चा रंका थाना क्षेत्र के ग्राम कुद्रम निवासी सुखाड़ी परहिया का था, जो बाइक पर सवार होकर रंका से गढ़वा की ओर जा रहे थे। जैसे ही नवाडीह के पास पहुंचे विपरीत दिशा से आ रही बाइक से टक्कर हो गई और बच्चा झटका लगने से सड़क पर छिटक कर गिर गया। तभी ट्रक से उसे कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया है।

# भवनाथपुर थाना परिसर में थाना प्रभारी ने किया छठ व्रतियों के बीच फल वितरित

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के दूसरे दिन रविवार के प्रखंड मुख्यालय से लेकर गांव-गांव, गली-मोहल्लों तक का वातावरण भक्ति में डूबा रहा। लोग पूरी निष्ठा, श्रद्धा और समर्पण के साथ व्रत कर रहे हैं। वहीं, श्रद्धालु छठ व्रतधारियों की हर संभव मदद में जुटे हैं। इस अवसर पर लोगों ने जगह-जगह फल, पूजन सामग्री और प्रसाद वितरण के लिए स्टॉल लगाये थे। भिक्षाटन के लिए निकले व्रतियों को श्रद्धापूर्वक प्रसाद और सामग्री दी गई। थाना परिसर में थाना प्रभारी रजनी रंजन ने स्टॉल लगाकर पूरी श्रद्धा भाव से अपने हाथों से महिला पुरुष छठ व्रतियों के बीच सेव, नारंगी, केला, मौसमी और पूजन सामग्री का वितरण किया। वहीं, गंगा-जमुनी तहजीब का अद्भुत उदाहरण पेश करते हुए अरसली उत्तरी पंचायत की मुखिया इसरत जहां, उनके पति पिंटू अंसारी और समाजसेवी तासबीन अंसारी ने अपने आवास पर स्टॉल लगाकर नारियल, केला, सेव, पानी, बादाम, छुहारा आदि का वितरण किया। चौबे इलेक्ट्रिकल के प्रो सोनू चौबे, अजीत ट्रेडर्स के प्रो गुड्डू यादव ने भी व्रतियों के बीच पूजन सामग्री का वितरण किया। प्रखंड क्षेत्र में पिछले दो-तीन दिनों से छठ गीतों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया है।




### देवी जागरण 27 को



**सगमा/गढ़वा (आजाद सिपाही)।** लोक आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर पुत्तुर गांव निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक श्यामसुंदर यादव के पुनीत सौजन्य से पुत्तुर स्कूल प्रांगण में भव्य देवी जागरण का आयोजन 27 अक्टूबर को होगा। भूपेंद्र कुमार यादव उर्फ मंटू गुरुजी और श्रीकांत यादव ने इस कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। बताया कि छठ पर्व पर यह धार्मिक आयोजन 27 अक्टूबर की रात्रि में संपन्न होगा। देवी जागरण में प्रसिद्ध कलाकार रवि भाई अपनी पूरी टीम के साथ प्रस्तुति देंगें। रवि भाई की टीम में विशेष रूप से बिहार और बनारस जैसे सांस्कृतिक केंद्रों से चलकर आ रही चार प्रतिभाशाली गायिकाएं भी शामिल हैं।

## थाना प्रभारी ने किया पूजन सामग्री का वितरण



**धुरकी (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में छठ व्रतियों के बीच रविवार को पूजन सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर हजारों व्रतधारियों ने थाना पहुंचकर पूजन सामग्री में हिस्सा लिया। थाना प्रभारी जनार्दन राउत ने खुद पुलिस टीम के साथ मिलकर व्रतियों को सामग्री दी। थाना प्रभारी जनार्दन राउत ने कहा कि छठ महापर्व आस्था, विश्वास और स्वच्छता का पर्व है। इस पर्व में व्रती माताएं और बहनें पूरे नियम और श्रद्धा के साथ सूर्य भगवान की उपासना करती हैं। कहा कि पुलिस प्रशासन का दायित्व सिर्फ सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना नहीं, बल्कि समाज के साथ मिलकर धार्मिक व सांस्कृतिक परंपराओं को भी सहयोग देना है। इस दौरान व्रतियों को नारियल, फल, प्रसाद सामग्री, अगरबत्ती, दीपक, और पूजा के अन्य सामान उपलब्ध कराए गए। थाना परिसर में उपस्थित व्रतियों ने थाना प्रभारी और पुलिस टीम के इस पहल की सराहना की। कहा कि यह कार्य पुलिस और जनता के बीच आपसी विश्वास और सहयोग की मिसाल है। इस दौरान थाना के सभी पुलिस कर्मी, स्थानीय ग्रामीण और पूजा समिति के सदस्य मौजूद रहे।

## माता रामगति देवी की स्मृति में छठ पूजन सामग्री का वितरण



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सदर अस्पताल चौक के पास माता रामगति देवी की स्मृति में महर्षि वेद व्यास परिषद झारखंड की ओर से छठ पूजन सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महर्षि वेद व्यास परिषद के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सह मझिआंव चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुलदेव चौधरी एवं परिषद के पदाधिकारियों ने किया। सर्वप्रथम माता रामगति देवी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। इसके बाद छठ व्रतियों के बीच लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा में प्रसाद के रूप में नारियल, हल्दी, अदरख, मूली, बादाम, शरीफा, केला, शकरकंद, अगरबत्ती, माचिस, सिंघाड़ा आदि सामग्री वितरित किया गया। मुख्य रूप से कार्यक्रम में उपस्थित महर्षि वेद व्यास परिषद के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सह मझिआंव चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुलदेव चौधरी ने कहा कि आज मेरी माता की पहली पुण्यतिथि है। उनकी याद में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस तरह का कार्यक्रम पिछले कई वर्षों से हमारे परिषद की ओर से लगातार आयोजित होते आ रहा है। डॉ चौधरी ने कहा कि महापर्व छठ काफी स्वच्छता और बड़ी भक्ति भाव से मनाया जाता है। वैज्ञानिक रूप से भी इस पर्व को काफी महत्व दिया जाता है।

## उपमुखिया प्रतिनिधि ने करायी छठ घाटों की सफाई

**रंका (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल अंतर्गत सदर प्रखंड के कटरा पंचायत के उपमुखिया प्रतिनिधि दीपक कुमार गुप्ता एवं समाजसेवी नसीम अंसारी ने संयुक्त रूप से क्षेत्र के स्सभी छठ घाटों की सफाई जेसीबी मशीन से कराया। इस अवसर पर उन्होंने आजाद सिपाही को बताया कि लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा करने वाले ब्रतियों को कोई परेशानी नहीं हो, इस बात को ध्यान में रखते हुए पंचायत के सभी छठ घाटों की सफाई कराने का काम किया गया है। इस कार्य से छठ व्रतियों में उत्साह है। इस मौके पर अन्य लोग उपस्थित थे।

## समाजसेवी अजय प्रसाद गुप्ता ने किया छठव्रतियों के बीच फल-पूजन सामग्री का वितरण

# साक्षात सूर्यदेव और प्रकृति की पूजा है छठ महापर्व : प्रमुख

- छठव्रती निर्भीक होकर करें छठी मईया की आराधना, सुरक्षा में पुलिस तत्पर : थाना प्रभारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**पमेराल।** समाजसेवी अजय प्रसाद गुप्ता ने इस साल भी रविवार को छठ महापर्व के खरना के अवसर पर अपने आवास के सामने स्टॉल लगाकर परिवारजनों-जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर छठव्रतीयों के बीच फल और पूजन सामग्री का वितरण किया। इसमें बड़ी संख्या में उपस्थित छठव्रतियों से अजय प्रसाद गुप्ता ने आशीर्वाद की कामना की। वहीं, प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी ने लोगों को छठ महापर्व की शुभकामना देते हुए कहा कि छठ महापर्व आस्था और विश्वास के साथ साक्षात सूर्यदेव और प्रकृति की पूजाहै। लोगों के आग्रह पर उनके द्वारा अपने मधुर सुरीली आवाज में छठ गीत केलवा के पात पर उगेलन सुरुज मल झांके झुंके गाकर सभी को भाव वभोर कर दिया। वहीं, थाना विष्णु कांत ने सभी छठव्रतियों को निर्भीक होकर सूर्ययदेव-छठी मईया की आराधना करने की अपील की। कहा कि पुलिस आप सभी की सुरक्षा में तत्पर है। विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन, पत्रकार संजय तिवरी, ब्रजेश कुमार मिश्रा ने समाज सेवी अजय प्रसाद गुप्ता ने परिवार के साथ फल वितरण कार्यक्रम की सराहना करते हुए अजय प्रसाद गुप्ता की सराहना करते हुए धन्यवाद दिया। इस मौके पर सरिता देवी, अनन्य कुमारी, मुखिया रामसागर महतो, दशरथ प्रसाद, विनोद प्रसाद, जहूर रंगसाज, सुरेंद्र प्रसाद आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन संजय भगत ने किया।



## सूर्या क्लब ने चैलेंजर क्रिकेट टीम को 99 रनों से हराया



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला क्रिकेट लीग के दूसरे दिन सूर्या क्रिकेट क्लब और चैलेंजर क्रिकेट क्लब के बीच मैच खेला गया। पहले टॉस जीतकर सूर्या क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 33.3 ओवर में सभी विकेट खोकर 191 रन बनाये। जिसमें हर्ष कुमार ने शानदार 63 रन और आयुष ने 35 रन बनाए। वहीं, चैलेंजर क्रिकेट टीम की तरफ से गेंदबाजी करते हुए आर्यन ने दो विकेट लिए। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करने उतरी चैलेंजर क्रिकेट टीम ने 20.2 ओवर में सभी विकेट खोकर महज 92 रन पर ही ऑल आउट हो गई। इस तरह सूर्या क्रिकेट क्लब ने यह मैच 99 रन से जीत लिया। इस दौरान चैलेंजर क्रिकेट टीम की ओर से प्रकाश यादव ने सर्वाधिक 23 रन बनाए। वहीं, सूर्या क्रिकेट क्लब की ओर से निशांत चौबे ने सर्वाधिक पांच विकेट और मौषम दीप ने तीन विकेट झटके। मैन ऑफ दी मैच सूर्या क्रिकेट क्लब के गेंदबाज निशांत कुमार चौबे को दिया गया।

# आस्था और संस्कृति का महापर्व छठ

आस्था और संस्कृति का महापर्व छठ पूजा नहाय-खाय से शुरू हो गया है। लोक आस्था के महापर्व छठ के दौरान सूर्य मंदिर की महिमा और आस्था चरम पर होती है। इस पर्व की महत्ता देश के साथ विदेश के कोने-कोने में छायी है। रांची जिला के बुंडू प्रखंड में स्थित सूर्य मंदिर न सिर्फ श्रद्धा का केंद्र है, बल्कि यह आस्था, अध्यात्म और विज्ञान का अद्भुत संगम भी है। संस्कृति बिहार ट्रस्ट के प्रयास से यह मंदिर साल 1994 को तैयार हुआ और 10 जुलाई 1994 को इसकी प्राण प्रतिष्ठा की गयी थी। यह मंदिर रथ के आकार में निर्मित है. रथ में सूर्य देव विराजमान हैं, जिन्हें सात घोड़े खींच रहे हैं। कहा जाता है कि ये सात घोड़े इंद्रधनुष के सात रंगों और सप्ताह के सात दिनों का प्रतीक हैं। रथ में 18 चक्के लगे हैं और इसके सारथी भी हैं, जो सूर्य देव के दिव्य रथ को गति देते हैं। मंदिर का सबसे विशेष और आकर्षक दृश्य है : मुख्य द्वार के ठीक सामने हनुमान जी की प्रतिमा, जो सूर्य देव के आमने-सामने स्थापित है। यह प्रतिमा गुरु और शिष्य के पवित्र संबंध की प्रतीक मानी जाती है। मान्यता है कि जब हनुमान जी ने सूर्य देव से ज्ञान की प्रार्थना की तो सूर्य देव ने कहा : मैं तो सदैव गतिशील रहता हूं, स्थिर होकर तुम्हें शिक्षा नहीं दे सकता, तब हनुमान जी ने उत्तर दिया : तो मैं आपके सम्मुख चलता रहूंगा। इसी प्रसंग की स्मृति में यहां हनुमानजी की प्रतिमा सूर्य देव के सामने स्थापित की गयी है, जो दोनों के बीच के ज्ञान और श्रद्धा के अद्भुत संवाद को जीवंत करती है। सूर्य मंदिर के निर्माण के पीछे दो प्रमुख कारण बताए जाते हैं। पहला आध्यात्मिक और वैज्ञानिक कारण : ऐसा कहा जाता है कि भगवान श्रीराम के कुलदेवता सूर्य देव हैं। वनवास के दौरान भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण इसी स्थान पर ठहरे थे। प्रातःकाल उन्होंने यहां अपने कुलदेवता सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित किया और फिर विश्राम किया. इसलिए यह स्थान पवित्र और पूजनीय माना जाता है। दूसरा वैज्ञानिक कारणः सूर्य देव को कुष्ठ निवारण के देवता भी कहा गया है। एक समय पंचपरगना क्षेत्र में कुष्ठ रोग व्यापक था। संस्कृति बिहार ट्रस्ट ने 1986 से इस रोग के उन्मूलन के लिए कार्य शुरू किया। संस्था का मानना था कि केवल औषधि से नहीं, बल्कि आस्था और अध्यात्म की शक्ति से भी रोग का निवारण संभव है। इसी सोच के साथ सूर्य देव का यह भव्य मंदिर बनवाया गया ताकि दवा और दुआ दोनों के संयुक्त प्रभाव से रोगमुक्ति संभव हो सके. आज यह क्षेत्र लगभग कुष्ठ मुक्त हो चुका है। मंदिर परिसर के पीछे स्थित सूर्य सरोवर छठ महापर्व का प्रमुख केंद्र है।

**रांची जिला के बुंडू प्रखंड में स्थित सूर्य मंदिर न सिर्फ श्रद्धा का केंद्र है, बल्कि यह आस्था, अध्यात्म और विज्ञान का अद्भुत संगम भी है। संस्कृति बिहार ट्रस्ट के प्रयास से यह मंदिर साल 1994 को तैयार हुआ।**

अभिमत — आजाद सिपाही

**17 अक्टूबर को, महाराष्ट्र के नासिक में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के परिसर में लगभग 800 लोग लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस एमके1ए की पहली उड़ान देखने के लिए एकत्र हुए। रनवे के किनारों पर खड़े लोगों ने देखा कि जब रूस में बने सुखोई एसयू-30 और नये तेजस एमके1ए ने आकाश में उड़ान भरी। कुछ करतब दिखाने के बाद विमान ने सुरक्षित लैंडिंग की। इस उड़ान को तेजस का बपतिस्मा कहा गया।**

# नयी पीढ़ी के लड़ाकू विमानों की मांग कर रही भारतीय वायुसेना

सौरभ त्रिवेदी

पिछले एक दशक में, भारतीय वायुसेना (आइएएफ) लगातार नयी पीढ़ी के लड़ाकू विमानों की मांग कर रही है। अब जब मिग-21 को सेवा से हटा दिया गया है, तो वायुसेना के लड़ाकू स्क्वाड्रन की संख्या उसकी स्वीकृत क्षमता से 70 प्रतिशत कम रह गयी है। स्वदेशी निर्माण और अंतरराष्ट्रीय खरीद में देरी को ही इस तत्काल कमी का कारण बताया गया है। 17 अक्टूबर को, महाराष्ट्र के नासिक में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के परिसर में लगभग 800 लोग लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस एमके1ए की पहली उड़ान देखने के लिए एकत्र हुए। रनवे के किनारों पर खड़े लोगों ने देखा कि जब रूस में बने सुखोई एसयू-30 और नए तेजस एमके1ए ने आकाश में उड़ान भरी। कुछ करतब दिखाने के बाद विमान ने सुरक्षित लैंडिंग की। इस उड़ान को तेजस का बपतिस्मा कहा गया। दोनों ओर खड़े दर्शक पानी की तोपों से विमान का पारंपरिक स्वागत कर रहे थे।

26 सितंबर को, चंडीगढ़ एयरफोर्स स्टेशन से 1,300 किलोमीटर दूर,वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने मिग-21 बाइसन की आखिरी उड़ान देखी। उस समय दो अन्य विमान भी साथ उड़ान भरे। यह मिग-21 के विदाई समारोह का प्रतीकात्मक क्षण था। वायुसेना के स्क्वाड्रन नंबर 23 और 28 ने अपने विमान की विस्तृत लॉगबुक फार्म 700 को सौंप दिया। जिसमें एयर चीफ मार्शल सिंह के जीवनकाल तक की प्रत्येक मुरम्मत, निरीक्षण और रखरखाव का विवरण है, जो 1963 से उड़ान भर रहे लड़ाकू विमान की आधिकारिक तौर पर सेवानिवृत्ति का प्रतीक है।

**मौजूदा तेजस एमके1ए विमान कुछ वर्षों तक सेवा में रहेंगे, जब तक अगली पीढ़ी के विमान तैयार नहीं हो जाते।**



तेजस का पहला संस्करण 2001 में वायुसेना में शामिल हुआ। वर्तमान में, तेजस के 40 विमान वायुसेना के 45वें फ्लाइंग डैगर स्क्वाड्रन सूलर एयर फोर्स स्टेशन में सेवा दे रहे हैं। तेजस एमके1ए जिसे उन्नत राडार और बेहतर इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली से लैस किया गया है, फरवरी में पहली बार सामने आया।

अपने अंतिम मिग-21 स्क्वाड्रन 23 पैंथर्स और नंबर 3 कोबरा की सेवानिवृत्ति के साथ जो कुल मिला कर 36 जैट विमानों का संचालन करते थे, भारतीय वायुसेना के पास 42 स्वीकृत क्षमता के मुकाबले 29 लड़ाकू स्क्वाड्रन हैं। यह 1960 के दशक के बाद से सबसे कम है।

## मिग युग का अंत

मिग-21 विमानों की सेवानिवृत्ति के बाद वायुसेना के पास अब 29 लड़ाकू स्क्वाड्रन बचे हैं। नया तेजस विमान पुराने मिग-21 की जगह लेने वाला है लेकिन देरी के कारण भारतीय वायुसेना में एक महत्वपूर्ण अंतराल उत्पन्न हो गया।

मौजूदा तेजस एमके1ए विमान कुछ वर्षों तक सेवा में रहेंगे, जब तक अगली पीढ़ी के विमान तैयार नहीं हो जाते। विशेषज्ञों का कहना है कि तेजस विमान बनाना भारत जैसे देशों के लिए एक बड़ी उपलब्धि है लेकिन चीन जैसी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में उत्पादन अभी भी धीमा है।

## मिग की विरासत

मिग-21 के सेवा से हटने के साथ, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मिग की विरासत देश में स्वदेशी विमानों के निर्माण को प्रेरित करेगी। भारतीय वायुसेना द्वारा मिग-21 का निर्माण 1967 में शुरू हुआ था,जब तत्कालीन सोवियत संघ से लाइसेंस ट्रांसफर किया गया था। भारत में 872 मिग-21 बनाये गये। 1980 के दशक से लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट परियोजना शुरू हुई, ताकि इन विमानों को प्रतिस्थापित किया जा सके। एचएएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डीके सुनील ने कहा कि अब हमारा ध्यान पूरी तरह एलसीए कार्यक्रम पर है।

पूर्व वायुसेना कमांडर-इन-चीफ एयर मार्शल दिलीप कुमार पटनायक ने कहा कि अब स्वदेशी विमान और इंजन समाधान भारत की शीर्ष प्राथमिकता होनी चाहिए।

तेजस एमके1ए का डिजाइन 4 से 4.5 पीढ़ी के विमान के समान है। हालांकि एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट कार्यक्रम में देरी और समयसीमा की चुनौतियां बनी हुई हैं।

## भारतीय वायुसेना का ध्यान केंद्रित

तेजस का पहला संस्करण 2001 में वायुसेना में शामिल हुआ। वर्तमान में, तेजस के 40 विमान वायुसेना के 45वें फ्लाइंग डैगर स्क्वाड्रन सूलर एयर फोर्स स्टेशन में सेवा दे रहे हैं। तेजस एमके1ए जिसे उन्नत राडार और बेहतर इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली से लैस किया गया है, फरवरी में पहली बार सामने आया। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा कि एचएएल अपने कार्यक्रम में देरी से जूझ रहा है। वर्तमान में एचएएल को जीइ एयरोस्पेस से प्रति माह दो जीइ 404 आइएन 20 इंजन मिल रहे हैं। योजना के अनुसार 83 एमके1ए विमान 2029 तक सौंपे जा सकते हैं। अतिरिक्त 97 विमानों के लिए जीइ से बातचीत अंतिम चरण में है।

## वायुसेना की चुनौतियां और भविष्य की तैयारी

वायुसेना प्रमुख ने कहा कि संतुलन बनाये रखने के लिए हमें हर साल लगभग दो स्क्वाड्रन (30 विमान) की आवश्यकता है। यह कमी तुरंत पूरी नहीं की जा सकती। पिछले साल तक, वायुसेना ने 36 राफेल विमानों की तैनाती पूरी कर ली थी, लेकिन 2020 के बाद से कोई नया लड़ाकू विमान नहीं जोड़ा गया।

भविष्य में, भारत एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट पर काम कर रहा है, जो 5वीं पीढ़ी का स्टील्थ विमान होगा। इसकी पहली उड़ान अगले 5 वर्षों में होने की उम्मीद है।

# कोल्हान की खबरें

# घाटशिला उपचुनाव में 11 नवंबर को मतदान होना है, कुल 13 प्रत्याशी हैं चुनावी मैदान में

## घाटशिला उपचुनाव में एनडीए और इंडिया गठबंधन का सूपड़ा साफ होगा : देवेंद्र नाथ

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** घाटशिला उपचुनाव में 11 नवंबर को मतदान होना है। चुनावी मैदान में कुल 13 प्रत्याशी है। जेएमएम, बीजेपी और जेएलकेएम के बीच जबरदस्त त्रिकोणीय मुकाबला होने की संभावना है। चुनाव नजदीक आते आते जेएलकेएम अपना प्रचार प्रसार अभियान तेज कर दिया है। जेएलकेएम केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष सह घाटशिला उपचुनाव मुख्य संयोजक देवेंद्र नाथ महतो चुनाव प्रचार अभियान तेज करने और जीत का रणनीति बनाने के लिए घाटशिला में डेरा डाले हुए हैं। देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में दवाई, कमाई और पढ़ाई चौपट है। लोग भ्रष्टाचार, अपराध और अफसरशाही से परेशान है। जनता जागरूक हो गये हैं 11 नवंबर को जेएलकेएम के पक्ष वोट कर एनडीए और इंडिया गठबंधन का सूपड़ा साफ कर देंगे। घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के कालचिती, बांधड़ीह, रघुनाथडीह, दलकी, खुकड़ाखुपी, योगीसोन, मनका बेड़ा, रावताड़ा, नरसिंहगड़, तिलाबोनी, जनबोनी, सोनाखून, बधुवा, के अलावा अन्य गांवों में जनसंपर्क कर जेएलकेएम प्रत्याशी रामदास मुर्मू के पक्ष वोट करने का अपील किया। प्रचार अभियान के दौरान केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो, प्रत्याशी रामदास मुर्मू, के साथ फनी भूषण महतो, भगीरथ हंसदा, विद्यापति महतो, विभास भगत, अमियो रंजन भगत, समित, मिंटू, रतन सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।



## अबकी बार घाटशिला की जनता ने कमल खिलाने का मन बना लिया है : नीलकंठ सिंह मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** झारखंड के घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन के समर्थन में मंडल प्रवासी खूंटी के पूर्व विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, पोटका की पूर्व विधायक मेनका सरदार और जिला मंत्री गौर चंद्र पात्र ने जनसंपर्क अभियान चलाया। रविवार को उन्होंने धालभूमगढ़ मंडल के चुकरीपाड़ा पंचायत के विभिन्न गांवों में बूथ समिति और ग्रामीणों के साथ बैठक की और बाबूलाल सोरेन के पक्ष में कमल फूल के निशान पर मतदान करने करने का आग्रह किया। इस अवसर पर नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि स्थानीय लोगों का उत्साह यह बताने को काफी है की अबकी बार घाटशिला के जनता ने कमल खिलाने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि जनता बदलाव चाहती है। इस मौके पर चंदन सिंह मुंडा, कांतो मानकी, प्रशांत महतो, मोहन महतो, भोला नाथ दत्त, रोहित कर्मकार, अभय अधिकारी, अजय कुमार महतो, चित्रश्वर महतो, नवीन महतो, भागीरथी गोप, सरोजित दास, हारी राम दास, गुहीराम गोप, सुभाष गोप, उपेंद्र गोप सहित ग्रामीण और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद है।



## स्वर्गीय मंत्री रामदास सोरेन के अधूरे सपनों को पूरा करेंगे सोमेश : संजीव सरदार

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** घाटशिला विधानसभा उपचुनाव को लेकर जनसंपर्क अभियान जोर पकड़ चुका है। इसी क्रम में रविवार को झामुमो के स्टार प्रचारक पोटका विधानसभा के विधायक संजीव सरदार ने झामुमो प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन के पक्ष में सुदूर महातम, चतरडांगा और बड़ाजोड़ी पंचायत के पुरानापानी गांव सहित आसपास के कई इलाकों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान विधायक संजीव सरदार ने ग्रामीणों से अपील की कि मतदाता झामुमो के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान कर झारखंड की अबुआ सरकार को और सशक्त बनाएं। उन्होंने कहा कि राज्य के विकास और जनहित के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए झामुमो प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनाना जरूरी है। विधायक संजीव सरदार ने कहा कि स्वर्गीय मंत्री रामदास सोरेन जी ने अपने जीवन का हर क्षण जनता की सेवा और क्षेत्र के विकास को समर्पित किया। उनके अधूरे कार्यों और सपनों को उनके सुपुत्र सोमेश चंद्र सोरेन पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि सोमेश चंद्र सोरेन में भी अपने पिता की ही तरह जनसेवा का वही जज्बा और निष्ठा है। इस मौके पर झामुमो के कई स्थानीय नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## अस्पताल से कूदकर युवक ने दी जान

**चाईबासा(आजाद सिपाही)। सदर अस्पताल में देर रात एक चौंकाने वाली खबर सामने आया है। एक युवक ने तीसरी मंजिल से कूदकर जान दे दी। मामला शनिवार की मध्यरात्रि करीब दो से ढाई बजे के बीच का बताया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक मृतक की पहचान खुटपानी प्रखंड के पूर्णिया निवासी 40 वर्षीय प्रधान पारुल होनहागा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है वह इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती था, लेकिन अचानक उसने मेल वार्ड की तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी। घटना की जानकारी मिलते ही सदर पुलिस मौके पर पहुंची। सब-इंस्पेक्टर मेघनाथ मंडल ने टीम के साथ घटना का निरीक्षण किया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।फिलहाल युवक ने आत्महत्या जैसा कदम क्यों उठाया, इसका कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस अस्पताल प्रशासन और मौके पर मौजूद लोगों से पूछताछ कर रही है।**

## सोमेश सोरेन ने चलाया जनसंपर्क अभियान



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन ने रविवार को मुसाबनी प्रखंड के 01 नंबर मस्जिद एरिया, माहली पाड़ा, संथाल पाड़ा, सड़कघुटू, लाएनडीहि धोबोनी और डूंगरीडीह में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान मुसाबनी ग्राम प्रधान गौरव किस्कू की अध्यक्षता में ग्रामीणों के साथ बैठक की। सड़कघुटू गांव के ग्राम प्रधान सलखान किस्कू की अध्यक्षता में बैठक कर ग्रामीणों से संवाद स्थापित किये। इस दौरान उनके विचारों और समस्याओं को सुना। उन्होंने लोगों से 11 नवंबर को क्रम संख्या 2 पर तीर कमान निशान पर वोट देने का अनुरोध किया। इस मौके पर भाई विक्टर सोरेन झामुमो प्रखंड अध्यक्ष, प्रधान सोरेन, सोमाय सोरेन, संजीवन पातर, हरीश भकत सहित अन्य झामुमो नेता मौजूद थे।

## 'आंख बंद करो, बेटे का संकट टल जायेगा' कहकर लाखों के जेवर लेकर फरार हुआ बहुरुपिया



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** आधुनिक युग में भी अंधविश्वास और ठगी का खेल जारी है। साकची थाना क्षेत्र में एक महिला और उसकी बेटी के साथ बहरूपिया बनकर आए ठग ने ऐसा ही कारनामा कर दिया। वह दोनों से लाखों रुपये के सोने-चांदी के गहने उतरवाकर फरार हो गया। पीड़िता अनीता रजक ने पुलिस को बताया बहरूपिया ने घर पहुंचकर कहा उनके बेटे पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। उसने महिला को विश्वास दिलाया अगर वह 21 कदम आंख बंद करके चलेगी, तो संकट दूर हो जायेगा। उसके कहने पर अनीता रजक और उनकी बेटी ने अपने शरीर से सभी जेवर उतरवाकर ठग को दे दिए और आंख बंदकर 21 कदम चलने लगीं। जब उन्होंने आंख खोलीं, तो बहरूपिया मौके से गायब था। घटना का एहसास होते ही महिला ने साकची थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज करायी। पुलिस ने अज्ञात ठग के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस का कहना है ठग की तलाश की जा रही है, आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। इस घटना ने एक बार फिर दिखा दिया अंधविश्वास के सहारे ठग आज भी लोगों की आस्था और भावनाओं का फायदा उठाकर ठगी को अंजाम दे रहे हैं।

## सपा नेता ने छठव्रतियों के बीच आम की लकड़ी का किया वितरण



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हरिहरगंज/ पलामू।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह हरिहरगंज हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी कमलेश कुमार यादव ने छठ पूजा के पावन अवसर पर रविवार को शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर आम की लकड़ी निशुल्क वितरित की। इस आयोजन का उद्देश्य छठ व्रतियों की मदद करना था, जो इस महापर्व में प्रसाद बनाने के लिए आम की लकड़ी का उपयोग करते हैं। कमलेश कुमार यादव ने इस अवसर पर कहा कि छठ पूजा हमारी संस्कृति और आस्था का महत्वपूर्ण पर्व है। इस पवित्र अवसर पर समाज के सभी वर्गों की मदद करना हमारी जिम्मेदारी है। हम इस प्रयास के माध्यम से व्रतियों की सुविधा बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि वे इस पर्व को पूरी श्रद्धा और आस्था से मना सकें। इस मौके पर जितेंद्र ठाकुर, राजू रंजन कुमार, विकास कुमार, सत्येंद्र पासवान, सुरेंद्र यादव, मुन्ना कुमार, काजू चौधरी, पप्पू चौधरी, मुन्ना जायसवाल, धनेश कुमार सिंह आदि शामिल थे।

### मातम में बदली छठ पूजा की खुशियां

## सोन नदी में तीन युवक डूबे

**स्थानीय विधायक प्रशासनिक टीम के साथ स्थानीय गोताखोर के मदद से ढूंढने का कर रहे प्रयास**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के दंगवार ओपी क्षेत्र के पोखराही में रविवार की शाम एक दर्दनाक हादसे से पूरे गांव में मातम छा गया। जानकारी के अनुसार पोखराही गांव के समीप बरवाडीह गांव के समीप छठ पूजा के लिए सोन नदी में स्नान करने गये तीन युवक सोन नदी में डूब गये। घटना की जानकारी मिलते ही दंगवार ओपी प्रभारी सोनू कुमार गुप्ता दल बल के साथ पहुंच कर घटना की जानकारी ली एवं आवश्यक कार्रवाई में जुट गये है। घटना सोन नदी के बरवाडीह घाट पर हुई है। डूबने वालों में अंकुश पासवान उम्र 22 शेरघाटी, बरहु उर्फ आदर्श चंद्रवंशी 22 वर्ष इटवा, नबीनगर थाना, रजनीश चंद्रवंशी 23 वर्ष, पोखरही के रहने वाले हैं। जबकि दो अन्य युवक को बचा लिया गया है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार रविवार को लगभग 4 बजे 8 से 10 युवक सोन नदी में स्नान करने गये थे। इस दौरान 5 लोग गहरे पानी में नहाने चले गये और डूबने लगे इसके बाद उपस्थित अन्य युवकों ने काफी मशक्कत कर दो युवकों को डूबने से बचा लिया जबकि अन्य तीन लोग सोन नदी के तेज धार में बह गये। सोन नदी में डुबे तीनों युवकों के शव की तलाश जारी है। दंगवार ओपी प्रभारी सोनू गुप्ता ने बताया की डूबे हुए लोगों के शव खोजने के लिए स्टीमर और स्थानीय तैराकों का उपयोग किया जा रहा है। हालांकि प्रशासन ने सभी घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किया है लेकिन जहां डूब की घटना हुई है वहां कोई घाट नहीं है। पोखराही और अन्य आस पास के गांव के लोग छठ करने सूर्य मंदिर दंगवार घाट जाते हैं। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव, एसडीओ ओम प्रकाश गुप्ता, डीएसपी एस मो याकूब, एलआरडीसी गौरांग महतो, सीओ पंकज कुमार, बीडीओ सुनील वर्मा, मुखिया अमरेंद्र ठाकुर घटना स्थल पहुचकर स्थानीय गोताखोर व स्टीमर की मदद से तीनो लोगों को ढूंढने का प्रयास कर रहे है। एलआरडीसी ने बताया कि एनडीआरएफ की टीम को भी सूचित कर दिया गया है।



सोननदी के पास जमा ग्रामीणों की भीड़।

## एसडीओ ने लिया छठ घाटों का जायजा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**देवघर।** एसडीओ रवि कुमार ने रविवार को शहर के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीओ ने डढ़वा, नावाडीह, शिवगंगा, नंदन पहाड़ के साथ विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण कर विधि व्यवस्था, घाटों पर की गयी तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने सभी छठ पूजा समिति के सदस्यों को निर्देशित किया कि छठ व्रतियों के लिए सारी तैयारियां के साथ साफ-सफाई, पार्किंग, वॉलेंटियर को समिति के स्तर से दुरुस्त रखें। घाटों पर वाहनों के आवागमन की सुविधा को लेकर बेरिकेट कराने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। एसडीओ ने कहा कि लोक आस्था का महापर्व छठ स्वच्छता, हर्षोल्लास तथा निष्ठा के साथ मनाएं। साथ ही सबका कर्तव्य बनता है कि इसकी गरिमा को बनाये रखें। पूजा को लेकर जिला प्रशासन द्वारा छठ घाटों की सफाई, स्वास्थ्य सुविधा, पुलिस बल के साथ दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है, ताकि श्रद्धालुओं को असुविधा न हो। साथ ही छठ घाटों पर सुचारू यातायात व्यवस्था के अतिरिक्त सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये है।

## 'गरीबों के भगवान' डॉक्टर सुरेंद्र सिंह का निधन

**पांच रुपये की फीस में करते थे गरीबों का इलाज**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पलामू।** पलामू जिले के प्रसिद्ध चिकित्सा डॉक्टर सुरेंद्र सिंह नहीं रहे। यह एक सामान्य सी लगने वाली खबर है। क्योंकि दुनिया में जो आया है उसे जाना ही है। यही अंतिम सत्य है। लेकिन कौन क्या करके गया। क्या था। समाज को क्या दिया। उसकी अपनी पहचान क्या थी। कर्म कैसे थे। लोग इसी की चर्चा करते हैं, और याद करते हैं। सुरेंद्र सिंह डॉक्टर थे। लेकिन पेशेवर नहीं थे। सौदागर नहीं थे। मरीजों का खून नहीं चूसते थे। कभी धोखा नहीं दिया। फरेब नहीं किया। अनावश्यक जांच नहीं। दवा दुकानदारों या जांच घरों से कमीशन खोरी नहीं। उनके दरवाजे मरीजों के लिए 24 घंटे खुले रहते थे।

चिकित्सक को धरती पर भगवान का दर्जा प्राप्त है। डॉ सुरेंद्र सिंह इन्हीं में से थे। वह गरीबों के भगवान थे। उनकी फीस सुनकर आपको यकीन नहीं होगा। आपको लगेगा वह डॉक्टर नहीं थे क्या? एमबीबीएस की डिग्री नहीं थी। अनुभव नहीं था। क्या आखिर क्यों उनकी फीस 5 रुपये थी। आजकल तो डॉक्टरों की फीस 2 से 3 हजार तक है। मरीज डॉक्टर के पास जाने से डरते हैं। गरीब हैं तो घर द्वार, बैल-बकरी, गहना-जेवर, खेत जमीन बिक जायेगी। लेकिन सुरेंद्र सिंह ने ऐसा कुछ नहीं किया न कराया। उन्होंने डॉक्टरी पेशे को पैसा कमाने का जरिया नहीं, सेवा माना, ईश्वर का वरदान समझा। इसलिए उन्हें आप धरती पर भगवान का दर्जा दे सकते हैं।



पलामू के हैदरनगर में वह लंबे समय तक रहे। यहां उनकी फीस 5 रुपये थी। यदि पूरे दिन में 100 मरीजों को दिखा तो 50 तो मुफ्त वाले थे। अपने गांव देहात के मरीजों से फीस लेने की तो वह सोच भी नहीं सकते थे। किसी ने देने की कोशिश की तो हाथ जोड़ लिया। लंबे समय तक रमना, नगर ऊंटरी में भी सेवा दी। गढ़वा में सिविल सर्जन भी रहे। यहां भी यही व्यवहार था। जब वे हैदरनगर छोड़कर डाल्टनगंज रहने लगे तो मरीज यहां भी आते थे। यहां के एक निजी अस्पताल ने उनसे सेवा देने का आग्रह किया। लेकिन उन्होंने कहा कि फीस 5 रुपये ही रखिए। लेकिन अस्पताल प्रबंधन ने कहा कि 5 रुपये में क्या होगा। कैसे चलेगा अस्पताल। बाद में अस्पताल प्रबंधन के दबाव में वह 50 फीस पर सेवा देने को तैयार हुए। डॉ सुरेंद्र सिंह का जन्म बिश्रामपुर (पांडू ) थाने के मुरमा गांव में एक सामान्य परिवार में हुआ था। गरीबों का दर्द क्या होता है वह अच्छी तरह जानते थे।

## खरना संपन्न, 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू, पहला अर्घ्य आज

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**देवघर।** लोक आस्था के महापर्व के दूसरे दिन रविवार को खरना पूजा हुई। कार्तिक शुक्ल पक्ष की पंचमी रविवार को रवि योग एवं सर्वार्थ सिद्धि योग में खरना में व्रतियों ने पूरे दिन का उपवास कर शाम में पूजा कर प्रसाद ग्रहण की। खरना पूजन के साथ ही व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास भी शुरू हो गया है। मिट्टी के चूल्हे पर आम की लकड़ी से व्रतियों ने खरना का प्रसाद गुड़ या ईख का रस, चावल और दूध से निर्मित खीर और रोटी (रसिया) तैयार किया। इसके बाद छठी मईया की पूजा की गयी और व्रतियों ने उसी प्रसाद को ग्रहण किया। खरना का प्रसाद व्रती के लिए एक प्रकार का अंतिम सात्विक भोजन है। जो व्रती को कठोर 36 घंटे के उपवास के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार करता है। इस प्रसाद के बाद अब व्रती छठ के निस्तार के बाद ही अन्न-जल ग्रहण करेंगी। सूर्य षष्ठी सोमवार की शाम व्रती अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगी। चार दिवसीय अनुष्ठान के अंतिम दिन सप्तमी यानी मंगलवार को उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देकर व्रती पारण कर व्रत का समापन करेंगी। छठ को लेकर माहौल भक्तिमय हो गया है। चहुंओर छठ की गीत गूंज रहे हैं। देर शाम तक खरना का प्रसाद ग्रहण करने के लिए व्रतियों के आवास पर लोग पहुंचते रहे। उधर, छठ को तैयार शहर के सारे घाटों पर तैयारी पूरी कर ली गयी है। शिवगंगा, डढ़वा नदी, नंदन पहाड़ तालाब, मंगल तालाब, जलसार, छत्तीसी, बत्तीसी रामपुर तालाब, नवाडीह घाट समेत अन्य घाटों की साई-सफाई के अलावा आकर्षक विद्युत सज्जा की गयी है। घाटों पर क्यूआरटी और गोताखोरों की टीम तैनात की गयी है।



## लायंस क्लब ने अनाथों और गरीबों को कराया भोजन




**मधुपुर (आजाद सिपाही)।** समाज सेवा की मिसाल पेश करते हुए लायंस क्लब यूनिटी, मधुपुर के सदस्यों ने रविवार को अनाथ एवं गरीब लोगों के बीच भोजन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। क्लब के सदस्यों ने प्रेम, सहयोग और भाईचारे के संदेश के साथ जरूरतमंदों को भोजन कराया। कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय अनाथालय एवं झुग्गी बस्तियों में किया गया, जहां 60 लोगों को भरपेट भोजन कराया। इस दौरान क्लब के पदाधिकारियों ने कहा कि समाज में हर व्यक्ति को सेवा का भाव अपनाना चाहिए और जरूरतमंदों की मदद करना ही इंसानियत का असली धर्म है। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष, सचिव सहित कई सदस्य मौजूद रहे। सभी ने मिलकर सेवा भावना के साथ इस पहल को सफल बनाया।

## सेवानिवृत शिक्षक राम अवतार साहू का निधन



**विश्रामपुर/ पलामू (आजाद सिपाही)।** सेवानिवृत शिक्षक राम अवतार साहू उर्फ साहू गुरुजी (75) का निधन हो गया। वे पिछले कुछ महीनों से बीमार चल रहे थे। उन्होंने श्री वंशीधर नगर स्थित पैतृक आवास पर अंतिम सांस ली। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं। राम अवतार साहू बिश्रामपुर नप मुख्यालय स्थित जनता उच्च विद्यालय में बीस साल तक कार्यरत रहे। वे अंग्रेजी भाषा के शिक्षक थे। इसके अलावा वे बच्चों को स्काउट एंड गाइड का भी प्रशिक्षण देते थे। जिस कारण उन्हें काफी लोकप्रियता हासिल हुयी थी। उनके बड़े पुत्र सीआरपी कृष्ण कुमार ने बताया कि दाह संस्कार श्री वंशीधर नगर में ही कर दिया गया है। इधर उनके निधन पर कई लोगों ने दुख व्यक्त किया है। दुख व्यक्त करने वालों में आरसीयू के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, विवेकानंद पब्लिक स्कूल के निदेशक ऋतुराज मिश्रा, शिक्षक अरुण सिंह,भोला राय, पूर्व प्रमुख संतोष चौबे, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, विधायक प्रतिनिधि मुन्ना यादव, हिसामुद्दीन अंसारी, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि नईमुदिन अंसारी, पार्षद सुनील कुमार चौधरी, विजय कुमार रवि सहित कई लोगों का नाम शामिल है।

## आम की लकड़ी जलाने से प्रदूषण मुक्त होती है धरती : डॉ कौशल किशोर

**पर्यावरण धर्मगुरु ने छठव्रतियों के बीच किया आम की लकड़ियां वितरित**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के रांची रोड रेडमा दो नंबर टाउन में टीवीएस शोरूम के निकट संचालित नये प्रतिष्ठान जायसवाल टिंबर परिसर में पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर जायसवाल, डाली बाजार पंचायत के मुखिया पूनम जायसवाल, जायसवाल टिंबर के प्रोपराइटर अरुण कुमार जायसवाल व छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल के साथ संयुक्तरूप से छठ व्रतियों के बीच आम की सुखी लकड़ियां वितरित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पर्यावरण धर्म गुरु डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने आम की लकड़ियों को वितरीत करते हुए कहा कि अगर अभी से ही लोग आम के पौधे पर्याप्त संख्या में नहीं लगाएंगे तो एक दिन ऐसा वक्त आयेगा कि लोगों को इस धार्मिक अनुष्ठान के लिए घी से भी ज्यादा कीमत देकर आम की लकड़ी को खरीदना पड़ेगा। क्योंकि आम का हरा पेड़ से धरती और आम का सूखा पेड़ जलाने (हवन)से ब्रह्मांड तक प्रदूषण मुक्त होता है। जायसवाल टिंबर की ओर से शहरवासियों को पिछले 30 वर्षों से दीपावली की सुबह से छठ पूजा के खीर भोजन तक दो से तीन ट्रक प्रति वर्ष आम की सूखी लकड़ियां दान करते आ रहे हैं। इसके साथ ही वे अपनी जन्म भूमि छतरपुर के ग्राम डाली बाजार में पूजा सामग्री के साथ व्रतियों को साड़ी -धोती पूर्वजों से दान करते आ रहे हैं।जायसवाल टिम्बर के प्रोपराइटर अरुण कुमार,जिला पार्षद अमित कुमार और मुखिया पूनम जायसवाल का मानना है कि गरीब से गरीब लोग छठ पूजा करें। उन्हें इस अवसर पर आम की लकड़ी महंगे दामों पर ना खरीदना पड़े और न ही उसे जुटाने के लिए उन्हें कोई परेशानी का सामना करना पड़े। इसी उद्देश्य से छठ पूजा को लेकर जायसवाल टिंबर के प्रोपराइटर अरुण कुमार जायसवाल और छतरपुर पूर्वी से जिला परिषद अमित कुमार जायसवाल ने उड़ीसा, छत्तीसगढ़ से सुखी हुई आम की लकड़ी खरीद कर पर्व के लिए इकट्ठा कर के रखते है और उसे ही छठ पूजा के मौके पर व्रतियों के बीच वितरित किया जाता है। छठव्रतियों के बीच आम की लकड़ियां वितरित करने के दौरान बसंत सिंह, अजित मिश्रा, अनुज कुमार, गोपाल राम, मुनेश्वर मांझी, शमीम अंसारी, गोरख चौरसिया, संतोष मेहता, ज्योति जायसवाल, आराध्या जायसवाल, आश्विका जायसवाल, संस्था के सचिव अरविंद जायसवाल, अंकु कुमार, रामू कुमार की भूमिका सराहनीय रही।



## सीओ ने छठ घाटों पर तैयारियों का लिया जायजा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मधुपुर।** आगामी छठ पर्व को लेकर रविवार को मधुपुर के अंचल अधिकारी (सीओ ) यामुन रविदास नेशहर के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने घाटों की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था और बैरिकेडिंग की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने संबंधित छठ समिति के सदस्यों को आवश्यक निर्देश दिए। सीओ यामुन रविदास ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी घाटों पर पर्याप्त रोशनी, साफ पेयजल, महिला-पुरुष के लिए अलग चेंजिंग रूम और प्रशासनिक निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। उन्होंने घाटों की साफ-सफाई को देखकर संतुष्ट हुए। निरीक्षण के दौरान कन्हैयालाल कन्नू, सुभाष सिंह, अमेरिका यादव, युगल यादव, विक्की कुमार एवं अन्य कर्मी मौजूद थे।

## छठ पर्व को लेकर मधुपुर बाजारों में उमड़ी भीड़, फलों और पूजा सामग्री की बढ़ी मांग



**देवघर/ मधुपुर (आजाद सिपाही)।** आगामी छठ महापर्व को लेकर रविवार को देवघर, मधुपुर, सारठ, चित्रा ,पालाजोरी,करौ, के बाजारों में खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही शहर के प्रमुख बाजारों गांधी चौक,साह मार्केट सब्जी बाजार, हटिया रोड में लोगों की जबरदस्त चहल-पहल देखी गई। महिलाएं और पुरुष छठ पूजा की आवश्यक सामग्रियों की खरीदारी में व्यस्त नजर आए। फलों, सब्जियों, प्रसाद सामग्री, बांस के बने सूप-दौरा, दौरी, टोकरी, कपड़े और पूजा के सामान की दुकानों पर ग्राहकों की लंबी कतारें लगी रहीं। खासकर केले,नारियल, शरीफा, सेब, अंगूर, नींबू, गन्ना और मूली की खरीदारी अधिक देखी गई। फलों की मांग बढ़ने से दामों में भी उछाल देखने को मिला। वहीं बांस के बने सामान की दुकानों पर भी भीड़ उमड़ी रही। स्थानीय कारीगरों ने बताया कि छठ पर्व के मौके पर उनकी साल भर की मेहनत रंग लाती है। कई दुकानदारों ने बताया कि इस बार बिक्री पिछले सालों की तुलना में अधिक हो रही है। भीड़ बढ़ने से बाजार में जाम की स्थिति भी बनी रही। यातायात पुलिस को व्यवस्था बनाए रखने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि छठ पर्व मधुपुर की सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है। हर घर में उत्साह का माहौल है।

## विधायक डॉ शशिभूषण मेहता और पत्नी किरण मेहता ने रखा है छठ व्रत



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पांकी/ पलामू।** पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता एवं उनकी धर्म पत्नी किरण मेहता और समाजसेवी कमेश यादव ने पांकी विधानसभा वासियों की सुख शांति और खुशहाली के लिए नीलांबर - पीताम्बरपुर के पूर्णाडीह पंचायत के ग्राम गुरियदामर मलय नदी के तट पर लोक आस्था छठ महापर्व का व्रत एवं पूजन किया। उन्होने माता छठी मईया से प्रार्थना किया किया कि पुरे विस क्षेत्र के हर घर मे सुख, स्वास्थ्य और समृद्धि बना रहे। मौके पर प्रो राजकमल वर्मा प्रो बच्चन ठाकुर निजी सहायक सरोज चटर्जी, विधायक प्रतिनिधि सुनील कुशवाहा, रामराज सिंह चेरो, अरविन्द मेहता सहित श्रद्धालु उपस्थित थे।

## कोयल नदी तट पर रखी गयी सनातन सूर्य मंदिर की आधारशिला

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चैनपुर/ पलामू।** लोक आस्था का महापर्व छठ की शुरूआत के क्रम में नगर निगम क्षेत्र के वार्ड 33 के शाहपुर में कोयल नदी तट पर रविवार को एक समारोह के दौरान सनातन सूर्य मंदिर की आधारशिला रखी गयी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और इस धार्मिक स्थल के निर्माण के गवाह बने। विधि विधान से पूजा अर्चना करने के बाद हनुमान जी का झंडा सामूहिक रूप से लगाया गया। यजमान के रूप में सपत्नीक रामप्रीत सिंह, इन्द्रदेव सिंह और मंदिर के संस्थापक वासुदेव मिस्त्री ने भाग लिया। पंडित प्रमोद मिश्रा एवं अन्य ने पूजा अनुष्ठान कराया। सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो मंदिर का निर्माण अगले कुछ दिनों के भीतर शुरू कर दिया जायेगा। मंदिर को भव्य एवं आकर्षक बनाने का निर्णय लिया गया।

कार्यक्रम में पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम की सुपुत्री भाजपा नेत्री स्मिता आनंद, नगर पर्षद की पूर्व अध्यक्ष पूनम सिंह, पूर्व जिला परिषद सदस्य शैलेंद्र कुमार शैलू, सांसद के जिला प्रतिनिधि विजय ओझा, वार्ड 33 की प्रथम पार्षद चंचला देवी, 31 की पार्षद प्रमिला देवी, भाजपा के जिला महामंत्री ज्योति पांडेय, आशीष भारद्वाज, विजय चंद्रवंशी, अशेन्द्र सिंह, पप्पू पांडेय, शैलेंद्र सिंह पप्पू, शशांक सुमन, राजेंद्र चंद्रवंशी, राजकुमार चौधरी समेत अन्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन चैनपुर सांसद प्रतिनिधि भोला पांडेय ने किया। मौके पर मुख्य अतिथि एवं अन्य ने मंदिर निर्माण को ऐतिहासिक बताया और कहा कि शाहपुर में कोयल नदी का यह घाट छठ के लिए मशहूर है और सुविधाजनक है। यहां भगवान सूर्य का मंदिर बनने से श्रद्धालुओं को पूजा अनुष्ठान में काफी सहूलियत होगी। यह रमणीक क्षेत्र अमर हो जायेगा। उन्होंने मंदिर निर्माण में लगे सभी लोगों का उत्साह बढ़ाया और हर तरह से सहयोग देने का संकल्प लिया। बताते चलें कि शाहपुर में 15 वर्ष पहले सूर्य मंदिर निर्माण का शिलान्यास किया गया था, लेकिन कुछ कारणों से निर्माण कार्य आगे बढ़ नहीं पाया। इस बीच मंदिर निर्माण समिति का गठन कर पुनः निर्माण कार्य शुरू करने और भव्य रूप देने का निर्णय लिया गया।



## देवघर में पैंथर दस्ता गली-मोहल्लों में करेगी गश्त



**देवघर (आजाद सिपाही)।** छठ पर्व के मद्देनजर जिला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कसने का फैसला किया है। एसपी सौरभ कुमार के निर्देश पर देवघर शिवगंगा, गढ़वा नदी शाहिद पूरे शहर में वही, मधुपुर थाना क्षेत्र में पैंथर (बाइक) दस्ता तैनात किया गया है, जो गली-मोहल्लों में गश्त लगाकर सुरक्षा सुनिश्चित करेगा। यह दस्ता उन संकरी गलियों में आसानी से पहुंच सकेगा, जहां बड़ी गाड़ियों का प्रवेश मुश्किल है। इस पहल से इलाके की सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत होगी। रविवार को सुबह 11 बजे यह गश्ती दल थाने से रवाना हुआ और क्षेत्र में सुरक्षा का माहौल बनाने के लिए भ्रमण करता रहा। गश्त के लिए तैनात ये दो-पहिया वाहन सायरन और अन्य आवश्यक सुरक्षा उपकरणों से लैस हैं। इस कदम से छठ पर्व पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

# यूनिफार्म खरीद के लिए 53 हजार से अधिक बच्चों के खातों में पहुंची राशि

## 24 हजार से अधिक बच्चों के विवरण पोर्टल पर किया गया अपलोड

- डीसी ने यूनिफार्म डीबीटी राशि प्राप्त बच्चों के अभिभावकों से विद्यालय यूनिफार्म क्रय करने और बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने का किया अनुरोध
- सभी सरकारी विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 के शेष बचे विद्यार्थियों के अभिभावकों से शीघ्र बैंक विवरण उपलब्ध कराने का अनुरोध



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** समग्र शिक्षा अंतर्गत गुमला जिले में कक्षा एक से 8 के बच्चों के लिए राज्य सरकार की ओर से निर्धारित यूनिफार्म डीबीटी योजना के तहत अब तक उल्लेखनीय प्रगति दर्ज करते हुए जिले के कुल 96,827 लाभार्थी विद्यार्थियों में से 53,438 बच्चों के बैंक खातों में सफलतापूर्वक यूनिफार्म की राशि ट्रांसफर कर दी गई है। शिक्षा विभाग के अनुसार, राज्य सरकार द्वारा कक्षा एक से 5 के बच्चों के लिए 600 रुपये और कक्षा 6 से 8 के बच्चों के लिए 760 रुपये प्रति छात्र की दर से वार्षिक यूनिफार्म अनुदान राशि उपलब्ध करायी जाती है। जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां ने बताया कि प्रथम चरण में सफलतापूर्वक डीबीटी के बाद पुनः दूसरे चरण में 24,487 बच्चों के बैंक खातों का विवरण पीएफएमएस पोर्टल पर अपलोड किया जा चुका है। राज्य स्तर से राशि स्वीकृति प्राप्त होते ही शीघ्र ही इन बच्चों के खातों में भी डीबीटी के माध्यम से राशि पहुंच जाएगी। वर्तमान में जिले में शेष बच रहे 18,902 बच्चों के बैंक विवरण प्राथमिकता के साथ स्कूलों से एकत्र कराए जा रहे हैं। अवकाश के बाद स्कूल खुलते ही अगले 10 दिनों में कक्षा 1-2 के लगभग 11 हजार और कक्षा 3-8 के लगभग 7,500 बच्चों के बैंक विवरण की प्राप्ति के लिए सभी प्रखंड को निर्देशित किया गया है। जिले के सिसई, घाघरा, बिशुनपुर आदि प्रखंड में अकाउंट विवरण कलेक्शन संबंधी ज्यादा कार्य बाकी है जबकि जारी, रायडीह, कामडारा में अच्छी प्रगति है। शिक्षा विभाग प्रयत्नशील है कि 15 नवंबर तक बैंक विवरण प्राप्त कर सभी योग्य बच्चों के लिए नियमानुसार यूनिफार्म की राशि भेजी जा सके। राज्य स्तरीय दिशा-निर्देशों के अनुसार कक्षा एक और दो के ऐसे छोटे बच्चे जिनके पास खुद या उनके माता-पिता के किसी प्रकार के बैंक खाते उपलब्ध नहीं हैं, उनके लिए विद्यालय प्रबंधन समिति के माध्यम से अपवाद स्वरूप यूनिफार्म क्रय कराया जा सकता है, जबकि कक्षा 3 से 8 के सभी विद्यार्थियों के लिए यूनिफार्म राशि डीबीटी के लिए बच्चे, माता या पिता का सक्रिय बैंक खाता, जनधन खाता या अन्य बचत खाता आवश्यक है। डीसी प्रेरणा दीक्षित ने जिले के सभी सरकारी विद्यालय के विद्यार्थियों के अभिभावकों से अपील की है कि जिन परिवारों ने अब तक अपने बच्चों के बैंक विवरण विद्यालय में जमा नहीं किए हैं, वे शीघ्र उपलब्ध कराएं, ताकि डीबीटी प्रक्रिया पूरी की जा सके। उन्होंने कहा कि छात्र, माता या पिता किसी का भी सक्रिय बैंक खाता स्वीकार्य है। डीसी ने यह भी अनुरोध किया कि सर्दियां आरंभ हो रही हैं। अतः जिन अभिभावकों के खातों में डीबीटी की राशि प्राप्त हो चुकी है, वे उक्त राशि से अपने बच्चों के लिए विद्यालय यूनिफार्म, स्वेटर, जूता मोजा आदि क्रय करें और बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें। जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा जिले के सभी बीईओ, बीपीओ, लेखापाल, बीआरपी और सीआरपी को विद्यालयवार शेष बच्चों के बैंक विवरण अद्यतन कराने और सिर्फ कक्षा एक एवं दो के ऐसे बच्चों की सूची तैयार करने का निर्देश दिया है, जिनके स्वयं या अभिभावकों के कोई भी बैंक खाते उपलब्ध नहीं हैं। उनके द्वारा सभी सरकारी विद्यालय के प्रधान अध्यापक एवं सभी शिक्षकों को यह भी निर्देशित किया गया है कि वे स्कूल खुलते ही अभियान के रूप में कार्य करते हुए कक्षा 1 से 8 के विद्यार्थियों हेतु जिन परिवारों ने अब तक अपने बच्चों या अभिभावकों के बैंक विवरण विद्यालय में जमा नहीं किए हैं, उनसे संपर्क कर एक सप्ताह में खाता संख्या, आइएफएससी कोड, बैंक नाम एवं शाखा विवरण अपने बीआरसी में जमा करें, ताकि जिले के सरकारी विद्यालयों के कक्षा 1 से 8 के शत-प्रतिशत विद्यार्थियों को यूनिफार्म राशि से लाभान्वित किया जा सके।

# पुलिस के निर्देशों को गंभीरता से लें अभिभावक और स्कूल: एसपी

## कहा- पुलिस के निर्देशों का पालन होता, तो नहीं जाती विनय की जान

आजाद सिपाही संवाददाता





**गुमला।** संत अन्ना इंटर कॉलेज पुग्गू के 11वीं के छात्र विनय टाना भगत की मौत शनिवार को सड़क दुर्घटना में हो गयी। हादसे के बाद उसके गांव बघिमा टुकु टोली में अभी तक मातम है। मृतक की मां का रो रो कर बुरा हाल है। वहीं, पिता इंदु टाना भगत भी हताश हैं। बतातें चलें कि छात्र की मौत बाइक के सुरक्षा रेलिंग में टकराने के बाद गिरने से हुई थी। लोगों की मानें तो 16 वर्षीय छात्र तेज रफ्तार से बाइक चलाते हुए स्कूल जा रहा था। उस समय बाइक पर तीन छात्र (सभी नाबालिक) सवार थे। विनय के साथ पीछे बैठा सोनू करकेट्टा को भी चोटे आईं है। इसे लेकर एसपी हरीश बिन जमा ने कहा कि पुलिस प्रशासन के लगातार जागरूकता शिविर लगाने के बावजूद कुछ विद्यालय के प्रचार्य इसे गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। थोड़ी सी लापरवाही का नतीजा विनय टाना भगत की मौत के रूप में सीख लेनी जैसी है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में पुलिस सख्त रवैया अपनाएगी। आज जिन विद्यालयों के नाबालिक छात्रों द्वारा बाइक परिचालन की बात सामने आयेगी उक्त विद्यालय के विरुद्ध कार्रवाई भी की जा सकती है।

**दूसरे के नाम पर है दुर्घटनाग्रस्त बाइक :** मृतक के बड़े भाई बिमल टाना भगत ने बताया कि उक्त बाइक उन्होंने सिसई के किसी शोरूम से सेकंड हैंड खरीदी थी। बाइक खरीदे हुए छह महीना गुजर जाने के बावजूद अभी तक नाम परिवर्तन नहीं कराया गया था। फिलहाल यह बाइक अनिल उरांव के नाम से पंजीकृत है।

### स्कूल में बाइक लाने की नहीं है इजाजत : प्राचार्य

इस संबंध में संत अन्ना विद्यालय की प्राचार्य ललिता टोप्पो ने बताया कि नाबालिग बच्चों के बाइक न चलाने की हिदायत विद्यालय प्रबंधन लगातार दे रहा है। इससे संबंधित जागरूकता शिविर स्कूलों में लगातार लगाए जा रहे है। इस संबंध में हाल के दिनों में दो बार अभिभावकों की बैठक गई है। कहा कि उनके विद्यालय परिसर में बाइक लगाने की अनुमति केवल शिक्षकों को है। उन्होंने लाचारी जाहिर करते हुए कहा कि अगर कोई छात्र विद्यालय परिसर से 100, 200, 500 मीटर की दूरी पर बाइक खड़ी कर पैदल स्कूल आता है तो वहां तक की निगरानी करना संभव नहीं है। इसके लिए अभिभावकों को ही यह जिम्मेदारी लेनी होगी कि वह उन्हें बाइक नहीं दें।




# प्रतियोगिता में शामिल होकर तेज बनें: ब्यातुष



**डुमरी (आजाद सिपाही)।** नवाडीह भिखारिएट के तत्वाधान में चर्च परिसर में आयोजित तीन दिवसीय क्रूसवीर रैली रविवार को क्रूसवीर झंडा उतराने के साथ संपन्न हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल फादर ब्यातुष किंडो ने कहा कि आपलोग क्रूस के वीर हो। प्रतियोगिता में हीरो जैसा भाग लिया और अपना-अपना बेहतर प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में शामिल होकर तेज बनें और इसका भरपूर आनंद ले। मजा लेना चाहते हैं तो जीत का मजा लें। अंतिम दिन बालक-बालिका फुटबॉल फाइनल मैच हुआ जिसमें बालक वर्ग के फाइनल में आरसी बालक मध्य विद्यालय नवाडीह ने मध्य विद्यालय रजावल को 1-0 गोल से हरा कर विजेता बनी। वहीं, बालिका वर्ग के फाइनल में आरसी बालिका मध्य विद्यालय रजावल 3-0 गोल से पराजित कर विजेता बनीं। इसके पूर्व रात में झांकी प्रदर्शन, बच्चों द्वारा बाइबिल की घटनाओं को मंचित, धार्मिक विषय पर क्विज प्रतियोगिता हुई। शाम को विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने पारंपरिक परिधान में प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। इसके बाद फुटबॉल विजेताओं, भाषण, क्विज और सांस्कृतिक प्रतियोगिता में अव्वल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर फादर पिंगल कुजूर, फादर अलोइस और फादर देवनिश तिर्की सहित 25 शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# सिसई के असरो गांव में विवाद, दो पक्षों के बीच मारपीट

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सिसई थाना क्षेत्र के असरो गांव में रविवार को दो पक्षो के बीच आपसी विवाद में जमकर मारपीट हो गयी। मामला सुलझाने गयी पुलिस टीम पर भी एक पक्ष ने हमला कर दिया। जिसमें पुलिस चालक को हलकी चोट लगी है। मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। बताया जा रहा कि असरो गांव निवासी दयानंद गोप के धान के खेत में बकरी घुस गई थी। जिसे भगाने के लिए दयानंद का बेटा गया था। तभी



दूसरे पक्ष के देवानंद यादव मौके पर पहुंचकर गाली गलौज करने लगा। तभी वहां दयानंद पहुंचा और दोनों के बीच विवाद होने लगा। देवानंद दर्जनों महिला पुरुष के साथ लाठी डंडे और टांगी लेकर दयानंद पर हमला कर दिया। यह देख देवानंद अपने घर में घुस गया। उसने घटना की जानकारी सिसई पुलिस को दी। खबर पाते ही सिसई पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर मौके पर मौजूद लोग और उग्र हो गए और पुलिस की गाड़ी के ऊपर पथराव कर दिया।

# किराना दुकान में चोरी, नगदी सहित हजारों का सामान चोरी

**गुमला (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पुग्गु स्थित ढौठाटोली में शनिवार की रात चोरों ने राज स्टोर नामक किराना दुकान का ताला तोड़कर वहां से नकद के साथ ही 45 हजार रुपये के सामान की चोरी कर ली। रविवार की सुबह जब दुकान संचालिका पूनम देवी दुकान खोलने पहुंचीं, तो शटर का ताला टूटा और अंदर रखा सामान बिखरा दिखा। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचित किया। जानकारी के अनुसार, चोरों ने दुकान से लगभग दो हजार रुपये नकद, सरसों तेल के पैकेट, बिस्कुट, चॉकलेट सहित अन्य खाने-पीने की वस्तुएं चोरी कर लीं। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों की मानें तो रात में कोई चौकीदार नहीं होने के कारण ऐसी घटनाएं बढ़ रही हैं।

# कुत्ते ने वृद्ध महिला को काटा, अस्पताल में भर्ती



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के देवाकी भूखा टोली गांव में एक आवारा कुत्ते ने वृद्ध महिला को काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसकी पहचान सुकरो देवी के रूप में हुई है। घायल महिला को 108 एंबुलेंस की मदद से परिजन घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये। जहां चिकित्सक द्वारा उपचार किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार सुकरो देवी अपनी मवेशी को घर के पास पानी देने जा रही थी। तभी एक कुत्ते ने उसपर हमला कर दिया और हाथ की उंगली को काट लिया। यह देख आसपास के ग्रामीणों ने कुत्ते को भगाया।

# छठ पूजा को लेकर की गयी भट्टी तालाब की साफ-सफाई



**गुमला (आजाद सिपाही)।** नगर परिषद अंतर्गत दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तत्वावधान में गुमला शहरी क्षेत्र अंतर्गत सभी एरिया लेवल फेडरेशन की महिलाओं की ओर से रविवार को सिसई रोड स्थित भट्टी तालाब की सफाई की गई। उक्त सफाई अभियान नगर मिशन प्रबंधक के नेतृत्व में संपन्न हुआ। जिसमें एएलएफ की कई महिलाएं उपस्थित थी। साथ ही डे एनयूएलएम टीम के सदस्य भी उपस्थित रहे।

# दारी जतरा 10 नवंबर को, शराब बिक्री पर प्रतिबंध की मांग

**सिसई। (आजाद सिपाही)।** ऐतिहासिक दारी जतरा 10 नवंबर को आयोजित होगा। इस ऐतिहासिक दारी जतरा के आयोजन के लिए रविवार को तिसरी बैठक 12 पड़हा के समस्त पदाधिकारियों की मौजूदगी में हुई। इस ऐतिहासिक जतरा में निर्णय लिया गया कि 12 पड़हा दारी जतरा में पड़हा क्षेत्र में शराब बिक्री पर पूर्ण रूप से बंद करने की बात कही गई। जतरा समितियों ने यह भी कहा कि जतरा स्थल के इर्दगिर्द कुर्गी, लालपुर, गम्हरिया, दारी, कोचा घाघरा, कापो टोली, शिवनाथपुर डहु टोली में, शराब बिक्री करने पर पकड़े जाते हैं तो उन्हें सिधे कानून के हवाले करने का शक्त निर्देश लिया गया है।

# युवाओं के श्रमदान से बने खेल मैदान पोटरो का हुआ भूमि पूजन-उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** चंदा इक्कठा कर पोटरो गांव के ग्रामीण युवाओं एवं क्षेत्र के राष्ट्रीय खिलाड़ियों द्वारा श्रमदान कर परास नदी छठ घाट एवं मुक्ति धाम के समीप खेल मैदान का निर्माण किया गया था। जिसका रविवार को छठ महापर्व के अवसर पर सेवानिवृत प्रधानाध्यापक पीताम्बर झा, जिप सदस्य उतरी विजयलक्ष्मी कुमारी, पंसस जाकिर अली, सदर अंजुमन सलमान अली, बीस सूत्री प्रखण्ड अध्यक्ष सह नगर पंचायत मुखिया रवि उरांव, आरएसएस के गुमला विभाग संघ चालक साहु प्रकाश लाल, लकेया की मुखिया सुगिया देवी, पूर्व सैनिक सहाबीर उरांव, प्रमोद उरांव आदि ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। इस मौके पर सुखदेव पहान, तेली समाज के जिला युवा अध्यक्ष कौशल साहू, समाजसेवी मुकेश ताम्रकर, बलदेव साहू, बाबूलाल सिंह, पंकज साहू, रोहित शर्मा, मुकेश श्रीवास्तव डेविड, मनीष बाबू, छोटेलाल ताम्रकर, सतेंद्र साहू आदि भी मौजूद रहे। पाहान पुजार गोपाल उरांव एवं मुख्य यजमान रामविलास साहु ने विधिवत पूजा अर्चना की। इस अवसर पर पीतांबर झा ने कहा कि युवाओं ने चंदा इक्कठा कर एवं श्रमदान कर खेल मैदान का निर्माण किया, जो सराहनीय कदम है। उनके इस तरह की पहल से क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों को प्रतिदिन अभ्यास करने के लिए मैदान के रूप में एक बेहतर स्थान मिला है जिससे वे अपनी प्रतिभा को निखार सकेंगे और राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर अपनी पहचान बना सकेंगे। उन्होंने सभी खिलाड़ियों और युवाओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। वहीं, जिप सदस्य उत्तरी विजयलक्ष्मी कुमारी ने कहा कि वर्तमान समय में सिसई क्षेत्र में खेल मैदान का अभाव हो गया है जिस कारण हमारे युवाओं को अभ्यास करने में काफी परेशानी होती है। वे चाहकर भी अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित नहीं कर पा रहे हैं, जबकि हमारा गुमला-सिसई क्षेत्र खिलाड़ियों का हब है। यहां से कई खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेलों की प्रतिस्पर्धा में बेहतर प्रदर्शन कर चुके हैं। मुझे बहुत खुशी है कि हमारे ग्रामीण युवा एक सराहनीय कदम बढ़ाते हुए समाज के लिए अपनी मेहनत से बेहतर काम किए है। उन्होंने पोटरो ग्राम के युवाओं और खिलाड़ियों से वादा किया कि जिला प्रशासन से मिलकर खेल की सारी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग करेंगी। उधर, डुमरला गुमला टीम और सिसई टीम के बीच कबड्डी का प्रतिस्पर्धा आयोजित हुआ, जिसमें डुमरला गुमला की टीम विजई रही। मुख्य अतिथियों ने विजेता और उप विजेता टीम को विभाग संघ चालक गुमला साहू प्रकाश लाल के सौजन्य से प्राप्त मोमेंटो देकर सम्मानित किया। वहीं स्थानीय पत्रकार कृष्ण कुमार साहू ने भी खिलाड़ियों को जर्सी सेट एवं खेल सामग्री सौंपा। ग्रामीण युवकों ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मैदान में प्रतिदिन खेलों का अभ्यास, योग गुरु गजराज महतो के सानिध्य में योगाभ्यास एवं राज्य पुलिस, आर्मी सहित विभिन्न डिफेंस की तैयारी कराई जाएगी जिससे क्षेत्र के युवाओं को काफी लाभ मिलेगा और साथ ही रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। इस मौके पर पोटरो गांव के संदीप साहू, चतुर्गुण साहू, अजीत साहू, ओमप्रकाश साहू, लक्ष्मी साहू, शिवपूजन साहू, देवेन्द्र साहू, कुंदन साहू, सत्यम साहू, महावीर साहू और रामविलास साहू आदि उपस्थित रहे।









# विधायक शत्रुघ्न महतो ने हाथुडीह में पीसीसी सड़क का किया शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** बाघमारा प्रखंड के हाथुडीह पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए रविवार को पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो और विशिष्ट अतिथि जिला सांसद प्रतिनिधि सुभाष राय रहे। यह सड़क डीएमएफटी योजना के तहत हाथुडीह सरकारी विद्यालय से ठाकुर बांध होते हुए महुदा रेलवे स्टेशन तक बनायी जायेगी। विधायक ने नारियल फोड़कर एवं फीता काटकर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

**विवाद के बीच विधायक ने संभाला माहौल :** कार्यक्रम के दौरान कुछ ग्रामीणों ने पंचायत स्तर पर प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ वितरण में अनियमितता का आरोप लगाया। ग्रामीणों का कहना था कि जरूरतमंदों की जगह संपन्न परिवारों और सरकारी कर्मचारियों को आवास का लाभ दिया गया है। इस मुद्दे पर थोड़ी देर के लिए कार्यक्रम स्थल पर वाद-विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गयी, जिसे मौके पर मौजूद ग्रामीणों और स्वयं विधायक शत्रुघ्न महतो ने हस्तक्षेप कर शांत करवाया।



**मुखिया की भूमिका चयन प्रक्रिया में नहीं होती :** इन आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व मुखिया सह वर्तमान मुखिया के पति ने कहा कि सरकारी आवास योजना के चयन, नाम जोड़ने या काटने की प्रक्रिया में मुखिया की कोई भूमिका नहीं होती। यदि किसी को आपत्ति है तो वे प्रखंड कार्यालय जाकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**शिलापट से नाम और जानकारी गायब रहने पर नाराजगी :** इस बीच, पूर्व सांसद प्रतिनिधि परमेन्दर सिंह ने शिलापट में जीप अध्यक्ष शारदा सिंह का नाम, योजना की स्वीकृत राशि एवं सड़क की दूरी का उल्लेख नहीं होने पर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शिलान्यास पट्ट में सभी आवश्यक जानकारियां अंकित होना पारदर्शिता के लिए जरूरी है।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। लोगों ने सड़क निर्माण को क्षेत्र के लिए विकास की नयी शुरुआत बताते हुए प्रसन्नता व्यक्त की। ग्रामीणों ने कहा कि सड़क बन जाने से आवागमन में सुविधा होगी और महुदा क्षेत्र का समग्र विकास तेजी से आगे बढ़ेगा।

### समस्या के समाधान के लिए सदैव तत्पर : शत्रुघ्न महतो

हाथुडीह पंचायतवासियों ने मुझ पर जो विश्वास जताकर प्रचंड जीत दिलायी, उसके लिए मैं आभारी हूं। क्षेत्र की हर समस्या के समाधान हेतु सदैव तत्पर रहूँगा। यह सड़क पंचायत की लाइफलाइन सिद्ध होगी, जिससे फुट ओवरब्रिज से जुड़ाव बनेगा और आसपास के गांवों को बड़ी सुविधा मिलेगी।

## रोटी बैंक यूथ क्लब ने छठ व्रतियों के बीच साड़ी और फल का किया वितरण



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** आस्था और श्रद्धा के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर रोटी बैंक यूथ क्लब, धनबाद द्वारा इस वर्ष भी सेवा और समर्पण का कार्य करते हुए भूली खेरकबाद बस्ती में व्रतियों के बीच साड़ी एवं फलों का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में भक्ति और सहयोग की भावना को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम की सफलता में विवेक बर्नवाल का विशेष योगदान रहा। उनके सहयोग से इस सामाजिक पहल को बड़े स्तर पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रोटी बैंक यूथ क्लब के सक्रिय सदस्य नीलकमल खवास, अनिमेश सिंह, धीरज, राहुल सहित कई कार्यकर्ताओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इसके साथ ही आयुष फाउंडेशन के अध्यक्ष गणेश शर्मा तथा सहदेवा फाउंडेशन के सदस्य आशीष चौहान और उपेंद्र चौहान की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी प्रेरणादायक बना दिया। रोटी बैंक यूथ क्लब ने घोषणा की है कि इस वर्ष पहले अर्घ्य के दिन विभिन्न घाटों पर 1100 नारियल व्रतियों के बीच वितरित किये जायेंगे, ताकि सभी श्रद्धालु माता छठी मइया की पूजा में पूर्ण भाव से सहभागी हो सकें। संस्था के अध्यक्ष रवि शेखर का कहना है कि हर वर्ष छठ पर्व पर साड़ी, फल और पूजा सामग्री वितरित कर वे इस पावन पर्व के प्रति अपनी भक्ति और सेवा भावना व्यक्त करते हैं। यह परंपरा आने वाले वर्षों में और भी विस्तार के साथ जारी रहेगी।

## तोपचांची के प्रथम मुखिया की पुण्यतिथि मनायी



**तोपचांची (आजाद सिपाही)।** तोपचांची प्रखंड अंतर्गत दुमदुमी पंचायत के नरकोपी गांव में स्वर्गीय पूर्व मुखिया रघुनाथ महतो की 9वीं पुण्यतिथि मनायी गयी। स्वर्गीय रघुनाथ महतो तोपचांची के प्रथम मुखिया निर्विरोध चुने गये थे। वे 1942 ईस्वी में मैट्रिक पास किये थे। वे लेखक व सामाजिक क्रांति के जननायक थे। वे बड़े सरल स्वभाव के थे। उनका झारखंड आंदोलन में अहम भूमिका रही थी। मुख्य रूप से हलधर महतो, संतोष महतो, जगदीश चौधरी, सदानंद महतो, राहुल महतो मौजूद थे। सर्वप्रथम उनके स्टेच्यू पर माल्यार्पण करते हुए 2 मिनट का मौन रख उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। हलधर महतो ने कहा कि महतो को पांच भाषा के अनुवादक व 14 भाषा को बोल और समझ सकते थे। इस अवसर पर सदानंद महतो ने कहा कि वे महान क्रांतिकारी नेता, लेखक व समाज सुधारक की भूमिका में पूरा जीवन निछावर किये। संतोष महतो ने कहा कि झारखंड आंदोलन में उनका योगदान को बुलाया नहीं जा सकता है। उनके दिखाएं मार्ग पर चलने की जरूरत है। वहीं राहुल महतो ने कहा कि स्वर्गीय विनोद बिहारी महतो के परम मित्र थे। हाई स्कूल धनबाद से प्राथमिक शिक्षा ग्रहण किये थे। इस अवसर पर प्रमोद महतो,महेंद्र महतो, दयानंद प्रामाणिक, अनंतलाल महतो, बबलू महतो,कुलदीप प्रामाणिक, सरजू प्रसाद महतो, देवानंद महतो, तिलकचंद महतो, दुर्योधन महतो,दीपक प्रामाणिक, गिरिधारी महतो दिनेश महतो,टेकलाल महतो,छेदी महतो,सुनीता कुमारी, गीता देवी आदि ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद थे।

## गिरिडीह एसपी ने छठ घाटों का लिया जायजा



**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** गिरिडीह एसपी डॉ विमल कुमार ने शहरी क्षेत्र के छठ घाटों का दौरा किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अरघा घाट, शास्त्रीनगर छठ घाट, शिवशक्ति छठ घाट समेत शहर के कई प्रमुख छठ घाटों का निरीक्षण किया। एसपी ने घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई और यातायात प्रबंधन की स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। एसपी डॉ विमल कुमार ने मकतपुर छठ पूजा समिति के पदाधिकारीगण को छठ पूजा के दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि छठ पूजा में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस हमेशा हर जगह मुस्तैद और तत्पर रहेगी ताकि किसी को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। इस मौके पर डीएसपी वन नीरज कुमार सिंह, नगर थाना प्रभारी ज्ञान रंजन मौजूद थे।

## सिंदरी /झरिया गुरुद्वारा गुरु नानक सिंह सभा सिंदरी से निकली प्रभात फेरी



**सिंदरी (आजाद सिपाही)।** श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में मंगलवार को गुरुद्वारा गुरु नानक सिंह सभा सिंदरी से एक भव्य प्रभात फेरी निकाली गयी। बड़ी संख्या में संगत (श्रद्धालुओं) ने भक्ति भाव से इस धार्मिक आयोजन में हिस्सा लिया। प्रभात फेरी का शुभारंभ गुरुद्वारा साहिब से हुआ। गुरु की महिमा का गुणगान करते हुए और 'शबद कीर्तन' करते हुए यह प्रभात फेरी सहरपुरा मार्केट का भ्रमण किया। इस दौरान वातावरण भक्तिमय हो गया। सहरपुरा मार्केट का भ्रमण करने के बाद, प्रभात फेरी कीर्तन करते हुए गुरुद्वारा के सुरेंद्र पाल और जसपाल कौर के निवास स्थान पर पहुंची। वहां भी शब्द कीर्तन का आयोजन हुआ। कीर्तन के समापन के पश्चात सभी उपस्थित संगत ने गुरु का प्रसाद (प्रसाद) ग्रहण किया। इस धार्मिक आयोजन में प्रधान (जसप्रीत सिंह रैनो), हरिंदर सिंह, मोहन सिंह, गुरचरण सिंह, लखजीत सिंह, जगजीत सिंह, बलवीर सिंह नागी, मनजीत सिंह उप्पल, जगदीश्वर सिंह, हरपाल सिंह, नरेंद्र सिंह, प्रेम सिंह, सतविंदर सिंह, और गुलशन सिंह, स्मृति नागि, हरभजन कौर, देवेंद कौर, रूपा कौर, रीत कौर, पिंकी कौर, निशा कौर, सहित कई श्रद्धालु उपस्थित थे। समस्त संगत ने गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं को याद करते हुए आपसी एकता और प्रेम का संदेश दिया।

## व्रती आज देंगे अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** शनिवार को नहाए- खाय के साथ ही चार दिवसीय छठ महापर्व का शुभारंभ हो चुका है। व्रत को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह चरम पर है। पर्व के आगमन के साथ ही शहर के बाजारों में रौनक देखने को मिल रही है। रविवार को व्रतियों ने पूरे श्रद्धा व नेम के साथ खरना पूजन किया। सोमवार को व्रती अस्तांचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य देंगे। इसे देखते हुए रविवार सुबह सवेरे से ही फल और पूजा सामग्री की दुकानों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। हालांकि इस बार कीमतों में उछाल के वाबजूद भी लोगों ने आवश्यक पूजन सामग्री एवं फलों की जमकर खरीदारी की।

## नाली का गंदा पानी बहने से स्थानीय लोगों में आक्रोश, रोकी ट्रांसपोर्टिंग



आजाद सिपाही संवाददाता

**चिरकुंडा।** लोक आस्था के महापर्व छठ को देखते हुए क्षेत्र में चारों ओर साफ सफाई का दौर चल रहा है ताकि छठ व्रतियों एवं अन्य श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो। वहीं दूसरी ओर निरसा प्रखंड अंतर्गत मड़मा पंचायत के आमडंगाल बस्ती समीप बीच सड़क पर नाली का गंदा पानी बहने से स्थानीय ग्रामीण में काफी आक्रोश है। ग्रामीण एवं स्थानीय लोगों का कहना है कि पास ही ईसीएल मुगमा एरिया की श्यामपुर बी कोलियारी है जहां से कोयले की ट्रांसपोर्टिंग की जाती है। बावजूद उसके ना ही ईसीएल प्रबंधन का इस ओर कोई ध्यान है और ना ही किसी भी जनप्रतिनिधि का इस ओर कोई ध्यान है। इसी कारण आक्रोशित स्थानीय लोगों ने आमडंगाल बस्ती समीप श्यामपुर बी कॉलियरी से हो रही ट्रांसपोर्टिंग रोक दी और श्यामपुर बी कॉलियरी से कोयला लेकर जा रहे हैं। वाहनों को सड़क किनारे खड़ा करवा दिया स्थानीय लोगों की मांग थी कि जब तक इस समस्या का समाधान नहीं होता है तब तक ट्रांसपोर्टिंग ठप रहेगी।

## विधायक राज सिन्हा ने व्रतियों के बीच साड़ी का किया वितरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड विधानसभा के सचेतक एवं धनबाद विधायक राज सिन्हा ने चौथे दिन लोक आस्था के महापर्व छठ के उपलक्ष्य में धनबाद विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में छठ व्रती माता-बहनों के बीच साड़ी का वितरण किया। विधायक श्री सिन्हा ने रेलवे कॉलोनी मटकुरिया, विकास नगर मटकुरिया, भूली ए ब्लॉक शिव मंदिर के प्रांगण में, भागाबांध दुर्गा मंदिर के प्रांगण में, पांडरकनाली कोक प्लांट, इब्री एरिया केंदुआ, मनइटांड़ गांधी रोड आदी क्षेत्रों में छठ व्रती माता बहनों के बीच साड़ी का वितरण किया। विधायक श्री सिन्हा ने कहा कि छठ महापर्व लोक आस्था, श्रद्धा और स्वच्छता का प्रतीक है, जो समाज में सामूहिकता, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है। इस अवसर पर उन्होंने बरारी कोक प्लांट दुर्गा मंदिर परिसर में अपने विधायक निधि से निर्मित शेड का विधिवत उद्घाटन भी किया। उन्होंने कहा कि यह शेड छठ व्रतियों एवं आम श्रद्धालुओं को बरसात और धूप से राहत देने में सहायक सिद्ध होगा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सैकड़ों श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों ने विधायक राज सिन्हा का स्वागत किया और उनके जनसेवी कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया।

## छठ पर्व में किन्नर समाज की आस्था और परंपरा का संगम



**झरिया (आजाद सिपाही)।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के दूसरे दिन खरना के अवसर पर धनबाद किन्नर कल्याण बोर्ड की सदस्य स्वेता किन्नर ने आज श्रद्धा और भक्ति के साथ खरना का प्रसाद तैयार किया। उनके साथ समस्तीपुर से आई विभा किन्नर भी मौजूद रहीं। दोनों ने जामाडोबा स्थित अखिल भारतीय किन्नर समाज के प्रदेश अध्यक्ष छम-छम देवी के आवास पर छठ पूजा का आयोजन किया। छम-छम देवी और स्वेता किन्नर ने बताया कि वे वर्षों से छठ का व्रत करती आ रही हैं, ताकि पूरे भारतवर्ष के साथ-साथ कोयलांचल क्षेत्र में सुख, समृद्धि और शांति बनी रहे। उन्होंने कहा कि छठ मैया से यही प्रार्थना है कि सभी माताओं-बहनों की गोद भरी रहे और हर घर में खुशहाली आए।

## माटी के चूल्हा पर आम के लकड़िया जराइके बनायी सखी खरना के खिरिया..... पीतल के बर्तन में दूध अउर गुड़ चाऊरिया







दीपक कुमार

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** चार दिवसीय छठ महापर्व के दूसरे दिन खरना पूजन के अवसर पर छठ के पारंपरिक भोजपुरी लोक गीतों जैसे माटी के चूल्हा पर आम के लकड़िया जराइके बनाई सखी खरना के खिरिया..... पीतल के बर्तन में दूध अउर गुड़ चाऊरिया आदि से नगर का वातावरण भक्तिमय बना रहा। व्रतियों ने छठ के विभिन्न लोक गीतों गाकर महा प्रसाद बनाया। छठ व्रतियों ने तरह-तरह के पकवान बनाये जिसे सूर्य देव और छठी मैया को प्रसाद चढ़ाया जाता है। इसी क्रम मे खीर और घी लगा कर रोटी को खरना प्रसाद के रूप मे व्रतिया ग्रहण करती है और उसी प्रसाद को बाकी अन्य लोग भी प्रसाद के रूप मे ग्रहण करते है। कार्तिक शुक्ल पंचमी के मौके पर रविवार को रवि योग एवं स्वार्थ सिद्धि योग में खरना (लोहंडा) में व्रतियों ने पूरे दिन उपवास रखकर शाम को विधिवत पूजा करके खरना का प्रसाद ग्रहण किया। इसके साथ ही, 36 घंटे का निर्जला उपवास का संकल्प लिया। व्रतियों ने मिट्टी के चूल्हे पर आम की लकड़ी से खीर और रोटी बनायी और पूजन कर प्रसाद स्वरूप उसे ग्रहण किया। यह प्रसाद व्रतियों के लिए चार दिवसीय छठ महापर्व के दौरान एक प्रकार का अंतिम सात्विक भोजन है। जो उन्हें 36 घंटे उपवास के लिए शारीरिक एवं मानसिक रूप से तैयार करता है। इस दौरान महाप्रसाद ग्रहण करने के लिए श्रद्धालु भी बड़ी संख्या में परिचित व्रतियों के घर पहुंचे। शास्त्रों के अनुसार, छठ व्रती खरना के दिन बंद कमरे में खरना करती हैं। ऐसी मान्यता है कि खरना के दौरान छठ का व्रत करने वाली महिलाओं को किसी भी तरह की कोई आवाज सुनाई नहीं देना चाहिए।

## तिरंगा पार्क छठ घाट का डीसी ने किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** छठ महापर्व को लेकर उपायुक्त अजय नाथ झा ने रविवार को तिरंगा पार्क छठ घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने घाट की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध तथा जन सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की। डीसी ने संबंधित पार्क संचालक/पूजा समितियों को निर्देश दिया कि छठ व्रतियों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए तथा घाट पर स्वच्छता एवं सुरक्षा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। हालांकि, उन्होंने अब तक की गई तैयारियों पर संतोष जताया। डीसी ने कहा कि छठ महापर्व आस्था और अनुशासन का प्रतीक है। सभी लोग नेम - नेष्ठा और श्रद्धा के साथ इस पर्व को मनाएं। प्रशासन आपके सहयोग के लिए पूरी तरह तत्पर है। आपकी भक्ति और श्रद्धा में प्रशासन भी आस्था है। उन्होंने छठ व्रतियों - श्रद्धालुओं से अति उत्साह में गहरे पानी में नहीं जाने की अपील की तथा बताया कि सुरक्षा हेतु सभी घाटों पर चेतावनी बोर्ड एवं साइनेज लगाए गए हैं, ताकि किसी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके। निरीक्षण के दौरान पूर्व विधायक बोकारो, बिरंची नारायण भी उपस्थित थे ।



## डीएवी पब्लिक स्कूल सिंदरी में छठ उत्सव का आयोजन


आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया/ सिंदरी।** डीएवी पब्लिक स्कूल सिंदरी धनबाद में महापर्व छठ के पावन अवसर पर एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर रंग-बिरंगी सजावट, दीपों की रोशनी और विद्यार्थियों के उत्साह से जगमगा उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत गीत एवं नृत्य से हुआ, जिसमें कक्षा 1 अ एवं 1 ब के नन्हे विद्यार्थियों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। इसके बाद कक्षा 2अ एवं 2 ब के विद्यार्थियों ने ह्रगोकुल धाम की दीवानीह्र नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को कृष्ण-भक्ति में डुबो दिया। इसके पश्चात उर्मी सोरेन, प्रणव और ऋषिता ने छठ पर्व पर प्रेरणादायी भाषण प्रस्तुत किया। एल के जी और यू केजी के बच्चों ने राम आयेंगे कार्यक्रम के माध्यम से भगवान राम के आगमन का हर्षोल्लास से चित्रण किया।



छठ पर्व की श्रृंखला में कक्षा 2 अ एवं 2 ब ने छठ विशेष नृत्य प्रस्तुत कर पूरे माहौल को भक्ति से भर दिया। इसके बाद छठ समूह गीत एवं छठ समूह नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत समूह गीत ने कार्यक्रम को समापन की ओर अग्रसर किया। कार्यक्रम का संचालन उर्मिला यादव ने किया। गीतों की तैयारी संगीत शिक्षक शुभम कुमार के निर्देशन में हुई, जबकि पूरे आयोजन में श्री मुकेश तिवारी का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। इसके साथ ही विद्यार्थियों द्वारा रंगोली, क्ले मॉडलिंग, दीया स्टैंड निर्माण एवं बोर्ड सजावट प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गयी, जिनमें छात्रों ने अपनी सृजनात्मक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए, छठ पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और सभी को त्यौहारों की पवित्र भावना के साथ समाज में प्रेम, एकता और सहयोग का संदेश फैलाने के लिए संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।






आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**